दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 65 | सीकर, शनिवार 02 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# विदेशी भाषा सीखने के ऐतिहासिक एमओयू से युवा भरेंगे लम्बी उड़ान : सीएम शर्मा

## भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, समाज को जोड़ने का जरिया - धर्मेन्द्र प्रधान



जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में पेपरलीक जैसी घटनाओं से युवाओं के साथ अन्याय हुआ। हमारी सरकार ने प्रदेश के युवाओं को पेपरलीक के दंश से मुक्ति दिलाई है। हमनें अब तक 351 परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित करवाई है तथा एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के साथ-साथ कौशल से जोड़कर कुशल बना रही है और युवा अब नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के लिए एमओयू कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंदजी का उल्लेख करते हुए युवाओं से विदेशी भाषा सीखने और देश-दुनिया में छा जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कौशल विकास के विजन को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने इंग्लिश एंव फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद और नेशनल स्किल डवलपमेंट कॉर्पोरशन के साथ एमओयू किए हैं। इसके माध्यम से हमारे युवाओं को फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, जापानी और कोरियन सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज के युग में विदेशी भाषा सीखना आवश्यकता बन चुका है। विदेशी भाषा का ज्ञान युवाओं को बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और विदेशों में रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करता है। इसी तरह यह विदेशी पर्यटकों, उद्यमियों और प्रदेश के स्थानीय उद्योगों के बीच एक सेतु का कार्य भी करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रमुख पयर्टन स्थलों की वजह से राजस्थान के लिए विदेशी भाषा का विशेष महत्व है। दुनिया भर से यहां सैलानी आते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से प्रदेश के कई अंचलों में पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। विदेशी भाषाएं जानने वाले गाइड, होटल मैनेजर, ट्रैवल एजेंट और व्यापारियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश में नये महाविद्यालयों के निर्माण और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया है। इसके लिए 71 नए राजकीय महाविद्यालय खोलने के साथ ही, 185 नए राजकीय महाविद्यालयों के भवनों का निर्माण किया गया है। जबकि गत सरकार ने पूरे 5 साल में केवल 57 महाविद्यालयों के भवन बनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को रोजगार से जोड़ा और अब डिग्री से युवाओं के जीवन को नई दिशा मिल रही है। राज्य सरकार ने गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए राज्य कौशल नीति और युवा नीति बनाई गई है। युवाओं को सवा लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं। साथ ही, 1 लाख 33 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है एवं सवा लाख पदों का भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है। निजी क्षेत्र में भी अब तक 3 लाख रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं।

### राजस्थान के युवाओं में उद्यमिता के साथ-साथ संस्कृति को आत्मसात करने की प्रतिभा- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के युवाओं में मेहनत, नवाचार, उद्यमिता के साथ-साथ भाषाओं और संस्कृतियों को आत्मसात करने की नैसर्गिक प्रतिभा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज देश का युवा डिग्री और सर्टिफिकेट से आगे बढ़कर अपने कौशल एवं सामर्थ्य संवर्धन के प्रयास कर रहा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पोक्सो न्यायालय झुंझुनू के विशिष्ट न्यायाधीश इसरार खोखर द्वारा गुरूवार को दिये निर्णय में एक नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म करने के आरोपी अभिषेक उर्फ अभिराज पुत्र बोबीराज नायक निवासी वार्ड नम्बर 35 खटकियों का मोहल्ला गऊशाला के पास चिड़ावा पुलिस थाना चिड़ावा जिला झुंझुनू को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास और भुगतना होगा। इस मामले में तीन नवम्बर 2024 को जब पीड़िता का पिता परिवादी सायं को ड्यूटी से घर आया तो घर पर पीड़िता नही मिली। उसने आस-पड़ौस में पुछताछ की तो पीड़िता नहीं मिली जिस पर पुलिस थाना सिंघाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने बाद जांच इस मामले में अभिषेक उर्फ अभिराज के विरूद्ध सम्बन्धीत पोक्सो न्यायालय में पीड़िता से दुष्कर्म आदि का चालान पेश कर दिया। राज्य सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे विशिष्ठ लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने न्यायालय को बताया कि 11 दिसम्बर 2024 को पीड़िता पुलिस के सामने हाजिर होने पर पीड़िता ने अपने पिता को बताया कि 3 नवम्बर 2024 को उसे आरोपी अभिषेक उर्फ अभिराज बहला-फुसलाकर व डरा-धमकाकर चिड़ावा बुलाया तथा चूरू से जयपुर ले जाकर एक मंदिर में उससे शादी कर ली। आरोपी ने पीड़िता को जयपुर में एक मकान में बंद करके टॉर्चर किया तथा आरोपी ने पीड़िता के साथ कई बार जबरदस्ती दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के कारण पीड़िता ने एक बच्ची को भी जन्म दिया। विशिष्ट लोक अभियोजक भाम्बू ने इस मामले में कुल 13 गवाहन के बयान करवाये व 33 दस्तावेज प्रदर्शित करते हुये न्यायालय में तर्क दिया कि मामला अत्यन्त ही गंभीर प्रकृति का है इसलिये आरोपी को सख्त से सख्त सजा दी जाये। न्यायाधीश ने पत्रावली पर आई साक्ष्य का बारिकी से विश्लेषण करते हुये आरोपी अभिषेक उर्फ अभिराज को उक्त सजा व जुर्माना के साथ-साथ अन्य विभिन्न धाराओ में भी क्रमशः 20 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार रूपये जुर्माना, 5 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रूपये जुर्माना व पांच वर्ष का और कठोर कारावास व 30 हजार रूपये का जुर्माना करते हुये सभी सजाये साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया। न्यायालय ने आरोपी पर कुल एक लाख 60 हजार रूपये का जुर्माना किया।

# श्रमिक सम्मान दिवस मनाया

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** एस एस मोदी विद्या विहार ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें संस्थान में काम करने वाले सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ। इस अवसर पर अकादमिक निदेशक व प्राचार्य विजय मसीह ने विद्यालय में काम करने वाले सभी ड्राइवर, चपरासी, सफाई कर्मचारी, माली व गार्ड आदि सभी श्रमिकों का तिलकार्चन कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भी अपने विद्यालय के सहयोगी कर्मचारियों का करतल ध्वनि से सम्मान व उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। प्राचार्य विजय मसीह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी काम छोटा-बड़ा नहीं होता है। हर वह व्यक्ति जो मेहनत करके अपना व अपने परिवार का पालन-पोषण करता है वह एक श्रमिक ही है। सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी संस्थान आपके सहयोग के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। हम आप सबके ऋणी हैं और आपके महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हैं। समाज की प्रगति श्रमिकों के योगदान के बिना अधूरी है। बच्चों को समझाते हुए प्राचार्य ने कहा कि हमारा जीवन सरल इनके सहयोग से ही बना है। हमें उनके अधिकारों की रक्षा करते हुए उन्हें शोषण से बचाने के लिए समर्पित रहना चाहिए। सेवा करना सेवा लेने से बड़ा पुण्य का कार्य है। हमें सबके सहयोग का सम्मान करना चाहिए और तुच्छ मानसिकता का परित्याग करना चाहिए। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बना और उन्हें सीख दी गई कि सफलता पाने के लिए श्रम, समर्पण और सम्मान की भावना बहुत जरूरी है। संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड़ व विद्यालय संगीत समूह ने उनके सम्मान में प्रेरणादायक एक शानदार गीत प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में आयोजित होने वाली बहुप्रतीक्षित मैराथन के आयोजन को लेकर सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। अन्तर्सदनीय इस चेतक मैराथन दौड़ में प्रतिभागियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मार्ग में सुरक्षा, चिकित्सा एवं जलपान की समुचित व्यवस्था की गई है ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। अभिभावकों व शहरवासियों से अपील है कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लेकर इसे सफल बनाए तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करें। इस मैराथन का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी, कनिका मोदी, विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल ने श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# औद्योगिक क्षेत्र मलसीसर में औद्योगिक भूखण्ड आवंटन का सुनहरा अवसर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** रीको औद्योगिक क्षेत्र मलसीसर में प्रत्यक्ष आवंटन प्रक्रिया के अन्तर्गत अब तक 118 भूखण्डों का आवंटन/ऑफर लेटर जारी किया जा चुका है। रीको द्वारा औद्योगिक भूखण्डों से वंचित उद्यमियों हेतु भूखण्ड आवंटन का दसवां चरण प्रारंभ किया गया है। इस चरण में 14 औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत एमओयू धारको को प्रत्यक्ष आवंटन प्रक्रिया के तहत किया जायेगा। इकाई प्रभारी रीको, झुंझुनू अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र मलसीसर में प्रत्यक्ष आवंटन प्रक्रिया के तहत 14 औद्योगिक भूखण्डों के लिए दसवें चरण में आवेदन प्रक्रिया 1 मई से आरंभ हो गई है। यह आवंटन प्रक्रिया दिनांक 14 मई तक जारी रहेगी। एमओयू धारक एसएसओ आईडी के माध्यम से आवेदन कर सकते है।



# पारीक का सम्मान समारोह आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय अभिभाषक संघ स्थानीय न्यायालय में पीए रहे अशोक पारीक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संघ के अध्यक्ष एडवोकेट सूरजमल यादव ने शॉल, साफा ओढाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अशोक पारीक का सम्मन किया। एड. अशोक पारीक, निरंजन सोनी, हरीश पारीक, बुद्धि प्रकाश प्रजापत, प्रदीप कठातला ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर बजरंग सिंह रुहेला, हरीप्रसाद दाधीच, रजनीकांत सोनी, इमरान खान, कमल गोयतान, रितिका सैनी, संतोष सोनी, सुनीता शिखवाल, अक्षय शर्मा, सुरेश शर्मा, कमलेश कुमार, अयूब खां, बसंती खेतान, ओमप्रकाश घोटिया, रविन्द्र डूखिया, किशन शर्मा, महावीर आदि उपस्थित रहे। संचालन श्यामसुंदर खण्डेलवाल ने किया।

# राजस्थान में कॉमर्शियल सिलेंडर पर 993 रुपए की बढ़ोतरी

## 5 किलोग्राम वाला छोटा सिलेंडर भी 241 रुपए महंगा

**जयपुर।** अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण लिक्विड पेट्रोलियम गैस की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोलियम कंपनियों ने गुरुवार रात एलपीजी गैस की कीमतों का रिव्यू करने के बाद कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी की है। कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर पर 993 रुपए की बढ़ोतरी की है। इतना ही नहीं मजदूर, गरीबों के लिए बिकने वाले 5 किलो के सिलेंडर को भी 241 रुपए तक महंगा कर दिया है। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए हैं, जिसकी नई रेट लिस्ट जारी की है। नई रेट लिस्ट के मुताबिक राजस्थान में आज से 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 2106 रुपए के बजाए अब 3099 रुपए में मिलेगा। हालांकि घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कंपनियों ने कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इनकी कीमतों को यथावत रखा है। बाजार में आज भी घरेलू उपयोग का 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर 916.50 रुपए में ही मिलेगा। तेल कंपनियों ने बाजार में माइग्रेट लोग, स्टूडेंट, गरीब मजदूरों को दिए जाने वाले 5 किलोग्राम वाले एफटीएल सिलेंडर की कीमतों में भी बढ़ी बढ़ोतरी की है। पहले इस सिलेंडर को लेने के लिए 592 से लेकर 616 रुपए देने पड़ेंगे। अब तेल कंपनियों ने इसकी कीमतों में 241 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है।

# गुरु गोरखनाथ का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र में योगी नाथ समाज के तत्वावधान में महायोगी गुरु गोरखनाथ का प्रकटोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने किठाना एवं मालसर में योगी नाथ समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। किठाना के साथ-साथ मालसर में विधायक राजेन्द्र भाम्बू की अनुशंसा पर निर्मित इंटरलॉक सड़क का लोकार्पण किया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक भाम्बू ने गुरु गोरखनाथ के आदर्शों, योग, तप और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा समाज को एकजुट होकर शिक्षा, संस्कार और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर योगी नाथ समाज की होन्हार बालिकाओं एवं बालकों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया, जिससे उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले। कार्यक्रम में धर्मपाल योगी प्रदेश संयोजक, बेनी प्रसाद योगी जिला अध्यक्ष, योगी नाथ समाज शैलेश योगी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, हिरेंद्र धनखड़, सुभाष योगी, रणजीत योगी, पंकज योगी, बूधराम योगी, सांवरमल योगी, योगी मोहननाथ, उम्मेद सहित समाज के अनेक गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गुरु गोरखनाथ के जयघोष एवं सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ।

# ढूकिया हॉस्पिटल ने सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं में किया विस्तार

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सशक्त बनाते हुए ढूकिया हॉस्पिटल ने सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार किया है। इसी क्रम में डॉ नवीन महला पेट आंत व लीवर रोग विशेषज्ञ, डॉ जोगिन्दर सिंह झाझड़िया न्यूरो विशेषज्ञ प्रतिदिन नियमित सेवाएं देंगे।

निदेशक डॉ मोनिका ढूकिया ने बताया कि ढूकिया हॉस्पिटल में एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी, पेट आंत व लीवर की जाँच, सिलियक रोग, आंतो का ब्लाक, अग्नाशय की ग्रंथि, सिर व दिमाग की चोट, सिर में पानी भरना, ब्रेन ट्यूमर, दिमाग की नस फटना, मिर्गी रोग, रीढ़ की हड्डी का फ्रैक्चर व ट्यूमर, स्लिप डिस्क आदि समस्त समस्योंओ का इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध है जिसके लिए अब जयपुर नहीं जाना पड़ेगा। यूरोलॉजिस्ट डॉ विजय ओला व निदेशक डॉ मोनिका ढूकिया ने गुलदस्ता देकर दोनों का



स्वागत किया। जिसमें एमडी फिजिशियन डॉ इरफान नजीर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ रामनिवास स्वर्णकार, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अमित चौधरी तथा सोनोलॉजिस्ट डॉ विनोद जांगिड़ शामिल रहे । साथ ही उपरोक्त सभी सुविधा ईसीएचएस, ईएसआईसी, आरजीएचएस एवं माँ योजना के अंतर्गत कैशलेश उपलब्ध है, जिससे आमजन को उच्च स्तरीय उपचार सुलभ और किफायती रूप में मिल रहा है। साथ ही इन हाउस 32 स्लाइस सीटी स्कैन एवं एडवांस कलर डॉपलर सोनोग्राफी सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध है। ढूकिया हॉस्पिटल में विशेषज्ञ सेवाओं के इस विस्तार से क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार के अधिक विकल्प प्राप्त होंगे।


# रेलवे टिकट को लेकर स्टेशन पर लग रही लंबी कतारें

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** रेलवे स्टेशन झुंझुनू पर टिकट व्यवस्था की बदहाल स्थिति यात्रियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनती जा रही है। यहां टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना मजबूरी बन गया है, जिससे आमजन के साथ-साथ सीनियर सिटीजन और दिव्यांग यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे द्वारा बुजुर्गों और दिव्यांगों को विशेष सुविधा देने के दावे किए जाते हैं लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आती है। स्टेशन पर इनके लिए अलग से कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं होने के कारण इन्हें भी सामान्य कतार में लगना पड़ता है। स्थिति तब और विकट हो जाती है जब ट्रेन के समय पर भी एटीवीएम मशीन बंद पड़ी रहती है। ऐसे में यात्रियों के पास टिकट खिड़की ही एकमात्र विकल्प बचता है, जिससे भीड़ और अधिक बढ़ जाती है। लंबी कतारों के चलते कई ऐसे यात्री, जो समय से पूर्व स्टेशन नहीं पहुंच पाते, मजबूरीवश बिना टिकट यात्रा करने को विवश हो जाते हैं। यह न केवल रेलवे नियमों का उल्लंघन है बल्कि एक सामाजिक बुराई और अपराध भी है, जिसे रोकने के लिए व्यवस्थाओं का दुरुस्त होना बेहद आवश्यक है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि एटीवीएम मशीनों को नियमित रूप से चालू रखा जाए तथा सीनियर सिटीजन और दिव्यांगों के लिए अलग काउंटर या प्राथमिकता सुविधा सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।



## कोबरी-सार



# उप जिला अस्पताल का प्रशासनिक व चिकित्सा अधिकारियों ने किया निरीक्षण

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी एवं मौसम परिवर्तन के कारण बढ़ते मरीज भार के बीच उप जिला चिकित्सालय, रींगस में प्रशासनिक व चिकित्सा अधिकारियों का महत्वपूर्ण निरीक्षण हुआ। सबसे पहले क्षेत्र के एसडीएम ने अस्पताल का निरीक्षण करते हुए हीट वेव प्रबंधन, ओपीडी/आईपीडी सेवाएं, दवा उपलब्धता, पेयजल एवं कूलिंग व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात डॉ एस एन धौलपुरिया जॉइंट डायरेक्टर एवं उनकी टीम द्वारा भी विस्तृत निरीक्षण किया गया। जिसमें आपातकालीन सेवाएंए, हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों एवं टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को उत्कृष्ट, व्यवस्थित एवं सराहनीय बताते हुए कहा कि हीट वेव से निपटने हेतु प्रभावी एवं समयबद्ध प्रबंधन किया गया है तथा बढ़ते मरीज भार के बावजूद सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने स्टाफ की सक्रियता, अनुशासन एवं टीमवर्क की भी सराहना की। इस दौरान पीएमओ डॉ जितेंद्र सिंह निठारवाल के नेतृत्व की विशेष सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि अस्पताल में मजबूत प्रबंधन एवं सतत मॉनिटरिंग के कारण मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित उपचार मिल रहा है। अधिकारियों ने यह भी उल्लेख किया कि अस्पताल में पीएमओ का एमडी (जनरल मेडिसिन) होना व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बना रहा है, जिससे क्लिनिकल आवश्यकता के अनुसार त्वरित निर्णय लिए जा रहे हैं, गंभीर मरीजों का बेहतर ट्रायाज एवं मैनेजमेंट संभव हो रहा है मौसमी एवं जटिल बीमारियों के उपचार में सटीकता बढ़ी है, मरीजों की निरंतर मॉनिटरिंग एवं समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित हो रहा है। डॉ जितेंद्र सिंह निठारवाल ने बताया कि हीट वेव को ध्यान में रखते हुए विशेष वार्ड, ओआरएस कॉर्नर, ठंडे पानी एवं कूलिंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा बढ़ते मरीजों के लिए अतिरिक्त बेड एवं संसाधनों की व्यवस्था की गई है। आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि तेज धूप में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी एवं ओआरएस का सेवन करें तथा किसी भी प्रकार की कमजोरी, चक्कर, उल्टी-दस्त या लू के लक्षण होने पर तुरंत अस्पताल में संपर्क करें।

इस निरीक्षण से स्पष्ट हुआ कि उप जिला चिकित्सालय, रींगस में प्रशासनिक कुशलता एवं चिकित्सकीय विशेषज्ञता का बेहतरीन समन्वय है, जिससे आमजन को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। इस दौरान डॉक्टर रामावतार दायमा, डॉक्टर मनीष मीणा, रमेश यादव, नर्सिंग ऑफिसर अशोक शर्मा, मोतीराम, फार्मासिस्ट अनिल अग्रवाल सहित चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे।

## 200 बेबी किट वितरित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र द्वारा मातृत्व एवं शिशु संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 200 बेबी किट राजकीय बागड़ी जिला चिकित्सालय नोखा में नवजात शिशुओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भेंट किए गए। नोखा केंद्र के वीर ईश्वर चन्द दूगड़ ने बताया कि ये हाईजेनिक बेबी किट प्रति माह इस चिकित्सालय में भेंट किये जाते हैं जो कि नवजात शिशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र के चेयरमैन वीर सुरेन्द्र कुमार हीरावत ने बताया कि ये बेबी किट इन्द्रचन्द राकेशकुमार चोरड़िया परिवार नोखा/सूरत के अर्थ सौजन्य से राजकीय बागडी चिकित्सालय के प्रसूति विभाग की नर्सिंग स्टाफमीनाक्षी व हेमलता को सुपुर्द किये गये। इस अवसर पर श्याम लाल सेवग, जितेन्द्र शर्मा व प्रसूति विभाग के स्टाफ व कर्मचारी आदि उपस्थित थे। बागड़ी जिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉ सुनील बोथरा व प्रसूति विभाग की इंचार्ज प्रज्ञा बारूपाल ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## नृसिंह भगवान की मनाई जयंती



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में गुरूवार देर शाम को नृसिंह भगवान की जयंती धूमधाम से मनाई गई। लक्ष्मी देवी व सुलक्षणा शर्मा की मुख्य यजमानी में पंडित विमल शर्मा ने विधिवत रूप से नृसिंह भगवान की पूजा अर्चना की। नृसिंह भगवान के भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर राजेश नारवाल, रामजीलाल सैनी, सरदारसिंह, राधाकृष्ण, हारित सैनी, उमाशंकर, आनंद शर्मा, किशोर, बनवारी यादव, विजय लक्ष्मी, सुशीला कंवर, सुनीता देवी, ईशु, ममता देवी, वंदना आदि श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जांगिड़ मिग ला टॉप पर फहराएंगे तिरंगा

### 4000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा शुरू



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** चूरू निवासी युवा साइकिलिस्ट ललित कुमार जांगिड़ ने लद्दाख की 19400 फीट ऊंची मिग ला टॉप पर तिरंगा फहराने के लिए एक साहसिक साइकिल यात्रा शुरू की है। यह दुनिया की सबसे ऊंची मोटरेबल सड़कों में से एक है। इस अभियान की शुरुआत नोखा के समीप सिलवा गांव स्थित ब्रह्मलीन गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया की स्मृति में बने पदम स्मारक से हुई।

**यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

यात्रा का शुभारंभ हरप्यारी देवी कुलरिया के सानिध्य में एक सादे समारोह में किया गया। इस अवसर पर पदम ग्रुप मुंबई के भामाशाह कानाराम कुलरिया, डॉ शंकर कुलरिया और धर्मचंद कुलरिया ने ललित को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ शंकर कुलरिया ने बताया कि संत पदमाराम का जीवन सेवा, त्याग और समाज कल्याण को समर्पित था। उनका सपना राजस्थान को हरा-भरा और संस्कारवान बनाना था। ललित जांगिड़ इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा और मानव सेवा का संदेश दे रहे हैं।

**4000 किलोमीटर लंबी होगी यात्रा**

ललित जांगिड़ ने जानकारी दी कि उनकी यह यात्रा लगभग 4000 किलोमीटर लंबी होगी। वे राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश सहित करीब छह राज्यों से होकर गुजरेंगे। उनका लक्ष्य 75 दिनों में लद्दाख पहुंचना है। उन्होंने बताया कि यह उनकी तीसरी साइकिल यात्रा है, इससे पहले वे कश्मीर से कन्याकुमारी तक का सफर पूरा कर चुके हैं। इस बार उनका उद्देश्य मिग ला टॉप तक साइकिल से पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाना है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा और मानव सेवा के प्रति जन जागरूकता फैलाना है। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर स्कूली बच्चे, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले प्रतिभागी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पांच सौ किलो हरी सब्जियां गौवंश को खिलाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा उपखंड क्षेत्र में लगातार सामाजिक संगठन जन अधिकार सेना के द्वारा गौ एवं पक्षी सेवा कार्य आरंभ है और विभिन्न तरह के गौ एवं पक्षी हितार्थ कार्य जनसेवकों के द्वारा जारी है। इसी के तहत पवित्र पीपल पूर्णिमा तिथि के पावन अवसर पर जनसेवकों के द्वारा गौवंश को पांच क्विंटल हरी सब्जियां खिलाई। जनसेवकों ने कन्हैयालाल सारस्वत, फनीराज हैदराबाद के आर्थिक सहयोग द्वारा सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंश को हरी सब्जियां खिलाई और शान्ति वन नोखा में पक्षियों के पानी पीने हेतु पालसिये लगाए। संगठन लगातार गौ एवं पक्षी सेवा कार्य कर रहा है। संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा ने कहा कि गौ सेवा ही सबसे बड़ा सेवा का कार्य है। गौ सेवा से बड़ा कोई ही सेवा का कार्य नहीं है। हमें नियमित गौ सेवा जरूर करनी चाहिए क्योंकि गौ माता में सभी प्रकार के देवी देवताओं का वास होता है और किसी भुखे प्राणी की भुख प्यास मिटाने से बड़ा कोई भी पुण्य कार्य नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मालचंद सारस्वत, प्रचार मंत्री महेश पारीक, भाजपा किसान मोर्चा नोखा अध्यक्ष कैलाश कठातला, पण्डित राधेश्याम शर्मा, राजु, सोमदत्त सारस्वत, मघाराम पंचारिया, देवेन्द्र पाणेचा, राजेश भार्गव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मजदूर दिवस मनाया

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केटीएसएस कार्यालय में शुक्रवार को मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसएन गर्वा व यूनियन उपाध्यक्ष नथुराम ने संयुक्त रूप से झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी ने मजदूर दिवस के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में 1 मई 1886 मजदूरों के शोषण के खिलाफ आंदोलन हुआ था। यह आंदोलन मजदूरों के काम के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किए जाने को लेकर था। मजदूरों से रोजाना 15-15 घंटे काम कराए व मजदूरों के शोषण के खिलाफ पूरे अमेरिका में मजदूर सड़कों पर उतर आए थे। इस दौरान कुछ मजदूरों पर पुलिस ने गोली चला दी थी जिसमें चार मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया वहीं कई मजदूरों को जेल में बंद कर दिया था। इसके बाद 1889 में अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन की दूसरी बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें यह ऐलान किया गया कि 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस घटना से भारत सहित दुनिया के कई देशों में काम के लिए 8 घंटे निर्धारित करने की शुरुआत हुई। साथ ही मजदुरों के हितों को लेकर काफी नियम बनाए गए लेकिन वर्तमान में भारत सरकार ने चार श्रम सहिताओं के अधिकारों एवं सुविधाओं की कटौती कर दी। उन्होंने कहा कि इस मई दिवस का संकल्प है कि मजदूरों के अधिकार एवं सुविधाओं की जो भी कटौती की उनको वापस प्राप्त करना तथा मजदूरों के पक्ष में कानून को करवाना है। इस दौरान सैनी ने कहा कि केसीसी प्रोजेक्ट के ठेका कामगारों के वेतन, सुविधाएं एवं कल्याणकारी योजनाओं को लेकर वार्ता चल रही है, अगर सम्मान जनक समझौता नहीं हुआ तो ठेका कर्मियों के हक के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। इस मौके पर विनय त्यागी, बाबूलाल सैनी, उम्मेदसिंह मीणा, ओमप्रकाश लांबा, ख्यालीराम रावत ने भी संबोधित किया। श्यामसिंह चौहान, रामसिंह शेखावत, खुशीराम यादव, राधाकृष्ण, अमरसिंह, कुरड़ाराम, मोतीलाल, रमेश कुमार, ओमप्रकाश, राजपाल सैनी, भजनलाल सैनी, प्रदीप कुमार, हरीसिंह, घीसाराम सहित आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## अमित मौसूण जिला महामंत्री, केसर देव बने तहसील अध्यक्ष



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** श्री मैढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार महासभा संस्था के जिला अध्यक्ष मुकेश भामा ने प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप सोनी कड़ेल, प्रदेश संरक्षक सुमेरमल मौसूण, सुबोध जांगलवा, सत्यनारायण जवड़ा, नरेश नारनौली की सहमति से अमित मौसूण सुजानगढ़ को जिला महामंत्री तथा केसर देव धुपड़ को सुजानगढ़ तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश तथा जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कर्मचारियों की हुई डिजिटल स्कैनिंग

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को केसीसी प्रोजेक्ट के प्रशासनिक भवन में स्थायी व ठेका कर्मचारियों की डिजिटल स्कैनिंग की गई। शिविर में पोर्टेबल डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से उच्च जोखिम वाले कर्मचारियों की जांच की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता रहे जबकि अध्यक्षता बीसीएमओ डॉ हरीश यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक मानव संसाधन एस शिवदर्शी, डॉ दीपिका खुराना व मुन्नालाल जैदिया मौजूद रहे। अतिथियों ने शिविर का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए समय पर जांच और जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि केसीसी प्रबंधन कर्मचारियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

गुप्ता ने कर्मचारियों से अपील की कि वे जांच में बढ़-चढ़कर भाग लें और किसी भी प्रकार के लक्षण नजर आने पर तुरंत चिकित्सा परामर्श लें ताकि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ कर्मचारी ही किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी ताकत होते हैं और सामूहिक प्रयास से ही टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। डॉ दीपिका खुराना ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वाधान में 26 मार्च से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए केसीसी प्रोजेक्ट में सभी कर्मचारियों की डिजिटल एक्स-रे मशीन से स्कैनिंग की जा रही है, साथ ही शुगर, बीपी और हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांच भी की जा रही है ताकि संभावित मरीजों की समय रहते पहचान सुनिश्चित हो सके। डॉ हरीश यादव ने बताया कि जांच के बाद चिन्हित मरीजों की निक्षय आईडी बनाई जाएगी और उन्हें नियमित रूप से दवा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने टीबी के प्रति जागरूक करते हुए सभी से अभियान में सहयोग की अपील की। शिविर में चिकित्सा टीम के डॉ रजनीश, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर नवनीत, मुकुल, रमेश कुमार, मुस्ताक व सुधा शर्मा सहित अन्य कार्मिकों ने सेवाएं दीं।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस धागा मिल के मैन गेट पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। सीटू यूनियन के अध्यक्ष दीपचंद बाजिया मजदूरों को मजदूर दिवस के बारे में व मजदूरों की समस्या न्यूनतम मजदूरी 26 हजार रूपए हो, चार श्रमिक कोड वापस ले व मजदूरों के श्रम कानून लागू करें, 8 घंटा से ज्यादा काम करने पर डबल ओवर टाइम दिया जाए। सीटू के जिला अध्यक्ष कामरेड सुभाष नेहरा ने विस्तार से अपनी बात रखी।

मजदूरों के साथ दमन बंद करें और मजदूरों की मांग स्वीकार करें। कामरेड सरवन कुमार बाजिया, सागरमल निठारवाल, महादेव सिंह, झाबर सिंह, सुरेंद्र मिल, रामोवतार, रामजीत, संतरा देवी, पूनम देवी सहित सैकड़ों मजदूरों ने भाग लिया।

## अंधेरे में डूबा जाखल तिराहा, हाई मास्क लाइट की मांग



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल गांव से नवलगढ़ जाने वाले मार्ग पर स्थित मुख्य तिराहे पर रात के समय रोशनी का कोई इंतजाम नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय तिराहे पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि यह तिराहा क्षेत्र का व्यस्त मार्ग है। इसी तिराहे के पास गौशाला संचालित है साथ ही पंचायत समिति नवलगढ़ जाने का भी यही रास्ता है। जिसके चलते दिनभर यहां आवागमन बना रहता है लेकिन शाम ढलते ही यहां अंधेरा छा जाता है। इससे खासकर बाइक सवार और पैदल चलने वालों को खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तिराहे पर जल्द से जल्द हाई मास्क लाइट लगाई जाए ताकि हादसों पर अंकुश लगे। उनका कहना है कि आसपास के कई स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगने से बेहतर व्यवस्था हुई है लेकिन जाखल तिराहा अब भी इस सुविधा से वंचित है।

## पक्षियों के लिए लगाए जा रहे परिण्डे



निसं

**मलसीसर ( नवयत्न )।** मलसीसर जनकल्याण सेवा संस्था के पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं सामाजिक सरोकार के अभियान की कड़ी में भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से लगातार छह वर्षो से कस्बे के पांच चिह्नित स्थलों पर पक्षियों को दाना पानी, पक्षी प्रेमी स्वयंसेवकों के सहयोग से डाला जा रहा है। संस्था की ओर से प्रतिमाह अढ़ाई क्विंटल अनाज श्मसान भूमि, कब्रिस्तान, भूतनाथ मंदिर, शिव मंदिर पुलिस थाना के सामने एवं योग स्थल बंका की जोहड़ी पर प्रतिदिन सुबह के समय डाला जाता है। पक्षियों को गर्मी के मौसम में पेड़ से परिंडे लगाकर पानी की व्यवस्था लगातार की जा रही है। इस भीषण गर्मी में संस्था की ओर से रोपित पौधो में लगातार पांच वर्षो से पानी के टैंकर डलवाए जा रहे है। ग्रंथों में भी लिखा है कि पक्षियों को दाना पानी देने से जीवन में आने वाले सभी परेशानियों से छुटकारा मिलता है। ऐसा माना जाता है कि पशु और पक्षियों को खाना खिलाने से आपका मन शांत रहता हैं, ग्रह क्लेश दूर होते हैं, आपके बिगड़े काम बनने लगते हैं। किसी भी भामाशाह को अगर पक्षियों के लिए दाना पानी डालकर पुण्य प्राप्त करने की इच्छा है तो संस्था से जुड़कर पुण्य का कार्य कर सकते है। इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए संस्था अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा से व्यक्तिगत या फोन से संपर्क करे।

# वैदिक गुरुकुलम् का भव्य शुभारम्भ, गूंजे वैदिक मंत्र

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** भगवती भद्रकाली शक्ति पीठ वैदिक सनातन संस्कृति संरक्षण संस्थान के विशाल प्रांगण में वैशाख शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर वैदिक मंत्रों के दिव्य उच्चारण के साथ वैदिक गुरुकुलम् का भव्य शुभारम्भ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महागणपति पूजन, सप्तमातृका पूजन, वास्तु शांति एवं गृह शांति जैसे धार्मिक अनुष्ठान विधिवत सम्पन्न कराए गए। वैदिक शिक्षा ग्रहण करने वाले बटुकों का संस्थान में मंगल प्रवेश भी कराया गया। समस्त पूजन कार्य आचार्य पं जीवनकिशोर सामवेदी के निर्देशन में सम्पन्न हुए। द्वितीय सत्र में आयोजित विद्वत संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दण्डी स्वामी आनंदाश्रम महाराज ने कहा कि सनातन मंत्र विज्ञान अत्यंत समृद्ध एवं प्रभावकारी है। उन्होंने कहा कि अनेक यंत्र जिस कार्य को करने में असमर्थ रहते हैं, उसे एक मंत्र के माध्यम से संभव किया जा सकता है। उन्होंने समय, संपत्ति और मन को भगवद् कार्यों में लगाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि इससे व्यक्ति का इहलोक और परलोक दोनों सार्थक होते हैं। साथ ही उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा हेतु वैदिक विद्यालयों की स्थापना को अनिवार्य बताया। भागवताचार्य लक्ष्मण ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विडम्बना है कि जहां वेदों का उद्गम हुआ, वहीं आज वेद विद्या उपेक्षित होती जा रही है। पूर्व काल में वैदिक परंपराओं का संरक्षण राजा-महाराजाओं द्वारा किया जाता था जबकि वर्तमान में यह जिम्मेदारी संत समाज के कंधों पर है। उन्होंने गुरुकुल व्यवस्था को वर्णाश्रम धर्म के प्रथम सोपान के रूप में आवश्यक बताते हुए पुरुषार्थ चतुष्टय की विस्तृत व्याख्या की। पंडित बृजलाल शर्मा ने कहा कि बटुक ब्रह्माजी की प्रथम संतान माने जाते हैं और गुरुकुलम् के प्रथम दिवस पर बटुकों की उल्लेखनीय उपस्थिति एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल विद्यार्थियों को उनके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराएगा। संस्थापना के सभी कार्यक्रम दण्डी स्वामी जोगेंद्राश्रम महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रमजी महाराज ने गुरुकुलम् को एक वृक्ष के रूप में विकसित करने की बात कहते हुए श्रद्धालुओं से इसके संरक्षण व संवर्धन में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दण्डी स्वामी गजेन्द्राश्रम हिसार, अवधेशाश्रम सूरतगढ़, आचार्य जीवन किशोर सामवेदी एवं ज्योतिषाचार्य पं खींवराज शर्मा मंचासीन रहे। उपस्थित संतों का भावभीना सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ चेतन स्वामी द्वारा किया गया।

# मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुआ मां सरस्वती मंदिर का लोकार्पण

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनू कार्यालय में ज्योति किरण एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट वापी गुजरात एवं श्री ज्योति विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगड़ के सौजन्य से मां सरस्वती मूर्ति एवं मंदिर निर्माण तथा मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं भामाशाह सीए जितेंद्र वर्मा पुत्र रमेश चंद्र वर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा चिरंजीलाल सैनी प्रबंधक ज्योति विद्यापीठ बगड़, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेश मील, डाइट प्राचार्या सुनीता झाझरिया के विशिष्ट आतिथ्य में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग के सबसे बड़े कार्यालय में मां सरस्वती का मंदिर निर्माण कर यह संदेश दिया गया है कि विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान विद्या की देवी की आराधना की जाए एवं बच्चों में संस्कारों के निर्माण हेतु भारतीय संस्कृति के संस्कारों का बीजारोपण किया जाए। इस अवसर पर ज्योति किरण एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक जितेंद्र वर्मा, ज्योति विद्यापीठ विद्यालय बगड़ के चिरंजीलाल सैनी, श्रीहरी कुल्हूर, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेश मील, सहायक निदेशक शिक्षा अशोक जांगिड़, डाइट प्रधानाचार्य सुनीता झाझड़िया, सीओ स्काउट महेश कालावत, जिला साक्षरता अधिकारी योगेंद्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक भगत सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव, किरण सैनी, चंद्रकला, मनोज झाझरिया, नरेंद्र चीता, रामकिशन सैनी, रामकृष्ण, बलबीर हुड्डा, सीमा सुरा, डॉ राजबाला ढाका, पवन देरवाला, शिवचरण पुरोहित, वशिष्ठ शर्मा, एडवोकेट अनुपम, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी उम्मेद सिंह, जेपी महला, राजेश हलवान, जयपाल मीणा, डॉ नवीन ढाका, सुरेंद्र शर्मा, सुनील कुमार, प्रहलाद राय जांगिड़, अमरचंद, सुरेंद्र किरोड़ीवाल, प्रदीप कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षाविद, शिक्षा अधिकारी, डाइट के व्याख्याता एवं स्काउट गाइड्स उपस्थित रहे। डाइट प्रधानाचार्य सुनीता झाझरिया ने स्वागत भाषण देते हुए भामाशाहों का आभार प्रकट किया एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेश मील ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में भामाशाहों का विशेष महत्व है, भामाशाहों के माध्यम से शिक्षा विभाग में नवाचार किए जा रहे हैं, विकास कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन पवन पारस ने किया।

## केडिया ने गौशाला में करवाया दोहिते का तुलादान

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा सुन्दरदास गोपाल गौशाला जाखल में श्रद्धा और सेवा भाव का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। अध्यक्ष प्रतापसिंह मूंड ने बताया कि समाजसेवी रामकिशन केडिया ने अपने दोहिते प्रानिल का गौशाला में तुलादान कर गौसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में केडिया ने पहले गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया, तत्पश्चात अपने दोहिते के वजन बराबर सिक्कों का दान किया, जिसे गौशाला में रह रही गौमाता के चारे एवं देखभाल में उपयोग किया जाएगा।

इस अवसर पर गौशाला समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने उनका स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान केडिया ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार इसमें योगदान देना चाहिए। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से न केवल गौशाला को सहयोग मिलता है, बल्कि समाज में सेवा और दान की भावना भी मजबूत होती है।

## पालिका टीम ने जब्त की 50 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियां



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर सीकर के निर्देशानुसार नगरपालिका दांता की टीम ने पालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से सिंगल यूज प्लास्टिक की लगभग 50 किलो थैलियां जब्त की। साथ ही सभी दुकानदारों व प्रतिष्ठानों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल न करने की समझाईश की। यह कार्रवाई नगरपालिका स्तर पर गठित विशेष टीम द्वारा की गई, जिसका नेतृत्व अधिशाषी अधिकारी भूपेश कुमार शर्मा ने किया। टीम में नगरपालिका जमादार अमरचंद कुमावत, एसबीएम इंजी. राकेश मीणा, जेटीए ऋतुराज कुमावत तथा सफाई कार्मिक शामिल थे। नगरपालिका ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लिया है।

## बोहरा कांग्रेस ओबीसी कोटपुतली-बहरोड़ प्रभारी नियुक्त

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा निवासी अनील बोहरा को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी में कोटपुतली-बहरोड़ प्रभारी नियुक्त किया। अनील बोहरा को यह जिम्मेदारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबिसी विभाग के चेयरमैन डॉ अनिल जयहिंद के निर्देशानुसार, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव ने दी है। अनील बोहरा वर्तमान प्रदेश महासचिव पद पर कार्यरत है। बोहरा को कोटपुतली-बहरोड़ प्रभारी नियुक्त करने पर क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है।

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा के प्राचार्य कैप्टन (डॉ.) रणवीर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीएससी (बॉयो) व बीएससी (मैथ्स) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 01.05.2026 से प्रारम्भ हो चुके है तथा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 15.05.2026 है। प्रवेष हेतु इच्छुक विद्यार्थी एसएसओ आईडी या ई-मित्र के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आयुक्तालय की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेगें। महाविद्यालय के स्नातक प्रवेश नोडल अधिकारी विशाल कुमार सगतानी बताया कि दिनांक 15.05.2026 तक प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों का सत्यापन करने के उपरान्त दिनांक 20.05.2026 को प्रवेश हेतु वरीयता एवं प्रतीक्षा सूची जारी की जायेगी तथा इस सूची में सम्मिलित विद्यार्थी दिनांक 25.05.2026 तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन के उपरान्त ई-मित्र पर ऑनलाईन फीस जमा करवा सकेगें। तत्पश्चात् दिनांक 27.05.2026 को प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची जारी कर दी जायेगी। महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं दिनांक 01.07.2026 से प्रारम्भ होंगी।

## शिकागो शहीदों की याद में संगोष्ठी आयोजित

हर्ष सोनी




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी झुंझुनू द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर शिक्षक भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिकागो के मजदूरों की शहादत को याद करते हुए श्रमिक अधिकारों पर चर्चा की गई। गोष्ठी के मुख्य वक्ता सीपीआई (एम) प्रदेश सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड फूलचंद बर्बर ने संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों ने सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद जो अधिकार हासिल किए, उन्हें वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम कानूनों में बदलाव कर मजदूरों को फिर से शोषण की स्थिति में धकेला जा रहा है। कॉमरेड बर्बर ने 1886 के शिकागो हेमार्केट घटना का उल्लेख करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि 1 मई 1886 को अमेरिका में 8 घंटे काम की मांग को लेकर हड़ताल शुरू हुई थी और 4 मई को हेमार्केट स्क्वायर में हुई घटना में कई मजदूर शहीद हुए। बाद में मजदूर नेताओं अगस्त स्पाइस, अल्बर्ट पार्सन्स, एडोल्फ फिशर और जॉर्ज एंगेल को फांसी दी गई। उनके बलिदान ने विश्वभर में मजदूर आंदोलन को मजबूती दी और इसी की स्मृति में हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉमरेड सुमेर बुड़ानिया ने कहा कि शिकागो के शहीदों का संघर्ष आज भी श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इन अधिकारों को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। गोष्ठी को भारत की जनवादी नौजवान सभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जानू, किसान सभा के जिलाध्यक्ष गिरधारी लाल महला, जिला महासचिव मदन यादव, सीपीआई (एम) जिला सचिव मंडल सदस्य बिलाल कुरैशी, नवलगढ़ तहसील सचिव धन्ना राम सैनी एवं किसान नेता सुरेश महला ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नौजवान सभा के जिला सचिव, एसएफआई प्रदेश उपाध्यक्ष अनीश धायल, किसान सभा मलसीसर तहसील अध्यक्ष देवकीनंदन बसेरा, सुरेश पूनिया, अरविंद गढ़वाल, शाहिद चैनपुरा, प्रमोद स्वामी, नरेंद्र पायल, सोयब खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सीपीआई (एम) जिला सचिव कॉमरेड राजेश बिजारणिया ने किया।

## ईओ को ज्ञापन सौंपा

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद अरविन्द इंदौरिया ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी को पत्र देकर अवगत करवाया की शहर के वार्ड संख्या 44, 45 एवं 11 से होकर गुजरने वाली डामर सड़कों को किसी टावर कंपनी द्वारा अपनी केबल डालने के लिए जगह-जगह से तोड़ा गया है और तोड़ने के बाद टूटे हुए स्थानों पर बालू मिट्टी डाल दी गई है जिसके कारण वह मिट्टी आसपास की नालियों एवं सड़कों पर जमा होने से आम रास्तें अवरुद्ध हो गए आम जन एवं वाहनों के आने जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका कनिष्ठ अभियंता द्वारा बताया गया कि उक्त केबल डालने की पालिका से स्वीकृति ली गई है। इंदौरिया ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी से मांग की है कि अतिशीघ्र खेमका पार्क से जालान मुक्ति धाम तक तोड़ी गई सड़कों को दुरुस्त किया जाए वहां आम रास्तें में पड़ी अनावश्यक मिट्टी को भी हटाया जाए। नगरपालिका प्रशासन द्वारा सड़कों एवं आम रास्तों को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

## जिले में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष मोदी ने आदेश जारी कर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा 3 मई 2026 रविवार को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक नीट यूज-2026 परीक्षा का आयोजन सीकर जिले में किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन के लिए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। आदेशानुसार परीक्षा के दौरान नकल गिरोहों एवं संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा प्रश्नपत्र लीक एवं नकल जैसी गतिविधियों की आशंका को देखते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जाना आवश्यक पाया गया है। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से निषेधाज्ञा जारी की है। परीक्षा केंद्रों के आसपास 300 मीटर की परिधि में संचालित ई-मित्र, फोटोकॉपी एवं साइबर कैफे बंद रहेंगे। परीक्षा केंद्रों में केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच आदि का उपयोग परीक्षा केंद्रों के भीतर एवं आसपास पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। संदिग्ध गतिविधियों एवं व्यक्तियों पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा की गोपनीयता भंग करने, अनुचित साधनों के उपयोग अथवा किसी भी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 3 मई 2026 को प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। आदेश की अवहेलना अथवा उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश में वन्यजीव गणना के लिए वाटर हॉल पद्धति से 24 घंटे का विशेष अभियान शुरू

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में वन्यजीवों की संख्या का वार्षिक आकलन, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्म ऋतु में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर वाटर होल पद्धति के माध्यम से किया जा रहा है। यह गणना 1 मई को शाम 5 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन 2 मई 2026 को शाम 5 बजे तक लगातार 24 घंटे संचालित रहेगी। इस दौरान बाघ, बघेरे लेपर्ड सहित समस्त वन्यजीवों की गणना की जाएगी।

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन प्रतिपालक के.सी. प्रसाद ने बताया कि इस गणना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के वन क्षेत्र में वन्यजीवों की वर्तमान में संख्या का आंकलन कर भविष्य की संरक्षण एवं प्रबंधन रणनीतियों को प्रभावी बनाना है। प्रदेश के विभिन्न संभागों में कुल 2685 वाटर होल्स पर यह गणना की जा रही है, जिनमें जयपुर में 421, अजमेर में 236, भरतपुर में 191, उदयपुर में 744, बीकानेर में 262, कोटा में 345, जोधपुर में 482 वाटर होल्स शामिल हैं। इस कार्य में वन विभाग का प्रशिक्षित स्टाफ तथा चयनित वॉलंटियर्स भाग लेंगे। इस अभियान के अंतर्गत राज्य के समस्त संरक्षित क्षेत्र, प्रादेशिक वनमंडल तथा वन्यजीव बहुल क्षेत्रों में जहां जल स्रोत उपलब्ध हैं, वहां गणना कार्य किया जा रहा है। बीट को इकाई मानते हुए बीट-वार आकलन के लिए मचान/हाइड स्थापित किए गए हैं, जहां वनकर्मियों, वन्यजीव प्रेमियों एवं गैर-सरकारी संगठनों के सदस्यों द्वारा वन्यजीवों की गणना की जा रही है।

प्रत्येक संरक्षित क्षेत्र में वन्यजीवों की अधिक आवाजाही वाले कम से कम 10 स्थानों पर कैमरा ट्रैप के माध्यम से वन्यजीवों की पहचान एवं संख्या का आकलन किया जाएगा। गणना के दौरान संबंधित क्षेत्रों के उप वन संरक्षक, सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी नियमित निरीक्षण कर इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप भाटी ने न्यायालय परिसर में राजस्व अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन व क्रियान्वयन हेतु राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का भी निस्तारण किया जा सके। बैठक में उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया उपस्थित रहे।

## अभिभाषक संघ ने एसडीएम की निकाली शव यात्रा



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के उपखंड अधिकारी दीपक चंदन की मनमानी कार्यशैली व साथी अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर बार एसोसिएसन द्वारा उपखंड अधिकारी की शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट सोमवीर खिचड़ ने बताया कि उपखंड अधिकारी अपनी मनमर्जी व मनमानी कार्यशैली से कार्य कर रहे है जिससे आम जन को नुकसान हो रहा है वहीं साथी अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। उपखंड अधिकारी की मनमानी कार्यशैली के विरोध में बार अधिवक्ता 17 मार्च से धरने पर बैठे है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बार एसोसिएसन ने यह निर्णय लिया है कि जब तक उक्त अधिकारी का तबादला नहीं हो जाता हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने उपखंड कार्यालय से बुहाना चौराहे तक एसडीएम की शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

## नव निर्मित शाकम्भरी माता मंदिर का उद्घाटन

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** लोहा कच्चा मार्ग पर नव निर्मित शाकम्भरी माता मंदिर का उद्घाटन अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य प्रज्ञानानंद महाराज ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। मंदिर का निर्माण सुधीर कुमार चौमाल द्वारा प्रदत्त भूमि पर महंत आनंदगिरि महाराज द्वारा करवाया गया है।

शंकराचार्य के आगमन पर उन्हें रथारूढ कर डीजे के साथ घोड़ों पर सवार साधु संतों के काफिले के साथ पुष्प वर्षा करते हुए मंदिर तक लाया गया। एक सौ आठ कन्याओं के पूजन हवन के साथ पूर्ण रूप से मंत्रोच्चार के बीच वास्तु कला के बेजोड़ स्वरूप में नव निर्मित मंदिर में विधि विधान पूर्वक मां शाकम्भरी और काली की भावपूर्ण मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर शंकराचार्य के साथ सुधीर कुमार चौमाल, पूर्व एडीएम जगदीश प्रसाद गौड़, डॉक्टर मधुसूदन मालानी, अंबिका प्रसाद हारित, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि एवं साधु संत मंचासीन रहे। जगद्गुरु शंकराचार्य प्रज्ञानानंद सरस्वती ने इस रमणीक स्थल पर सतत रूप से विद्या के रूप में मां शाकम्भरी के सदैव विराजित रहकर क्षेत्र के नागरिकों के कल्याण हेतु आशीर्वचन दिया। मातृ शक्तियों द्वारा मंगल पाठ किया गया जिन्हें माता के प्रसाद स्वरूप सौभाग्य की वस्तुएं भेंट की गई।

भजन गायक राकेश बावलिया द्वारा सुंदर भजन एवं माँ शाकम्भरी का मंगल पाठ वाचन किया गया। संत आनंदगिरि महाराज ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन में झुंझुनू के विजेंद्र, चौथमल सैनी, प्रवीण शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर नंदकिशोर चाकलान, वासुदेव चाकलान, जयप्रकाश ताम्रायत, अनुराग हरितवाल, सत्यनारायण सेवदा, परमेश्वर प्रसाद आत्रेय, सुरेन्द्र चुलेट, जगदेव सांखोलिया, रामदेव चंदनिया, उम्मेद मिश्रा आदि ने आगंतुकों का स्वागत किया।

# नारी सशक्तीकरण का स्रोत उज्ज्वला : धर्मेंद्र प्रधान



प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं। यह केवल एक सरकारी योजना की दशक भर की यात्रा ही नहीं, अपितु भारत के विकास संबंधी दृष्टिकोण में आए एक बड़े परिवर्तन का जीवंत प्रमाण है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला के रूप में प्रतिष्ठित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक मई, 2016 को बलिया की क्रांतिकारी धरा से इस योजना की शुरुआत हुई थी।

उज्ज्वला योजना ने स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की। महिला सम्मान, स्वास्थ्य और गरिमा को केंद्र में रखकर विकास के एक नए सोच को भी इसने राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाया। सरकार का संकल्प सुस्पष्ट था कि शासन के केंद्र में हाशिए पर मौजूद उस अंतिम महिला को रखें, जो दशकों से रसोई के धुएं में अपना स्वास्थ्य और सपने गंवा रही थी। मोदी सरकार का यह मूल मंत्र रहा है कि स्थायी प्रगति का रास्ता देश की नारी शक्ति के जीवन की सुगमता से होकर ही गुजरता है। ग्रामीण बहनों के जीवन में आई सहजता ही वास्तव में राष्ट्रीय उन्नति का सबसे ठोस आधार है।

महिला-नेतृत्व वाले विकास का जो संकल्प प्रधानमंत्री जी ने लिया था, उज्ज्वला योजना की सफल यात्रा उसी संकल्प को साकार करते हुए करोड़ों महिलाओं के सम्मान और बेहतर जीवन का आधार बना है। स्वच्छ रसोई ऊर्जा की दिशा में यह दुनिया का सबसे बड़ा अभियान है। जिस तेजी और व्यापक स्तर पर इसे लागू किया गया, उसकी मिसाल कही नहीं। इस योजना ने करोड़ों महिलाओं की पीढ़ियों से चली आ रही कठिन दिनचर्या को बदला और उनके स्वाभिमान की पुनर्स्थापना का माध्यम बनी। यह योजना 'सबका साथ, सबका विश्वास' के मंत्र को व्यवहारिक रूप देने वाली सरकार की प्रारंभिक और सबसे प्रभावशाली जनकल्याणकारी पहलों में एक मानी जाती है, जिसने विकास को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने का कार्य किया। उज्ज्वला से पहले की तस्वीर बहुत चुनौतीपूर्ण थी। अप्रैल 2015 तक भारत में एलपीजी का दायरा 56.2 प्रतिशत परिवारों तक ही सीमित था। यह एक विडंबना थी कि बिजली तो गांवों तक पहुंच रही थी, लेकिन रसोई का ईंधन अब भी सदियों पुराना था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के अनुसार उस समय 44 प्रतिशत परिवार ही स्वच्छ ईंधन का उपयोग कर पा रहे थे। उज्ज्वला ने इस खाई को पाटने का काम किया। इसके तहत कम आय वाले परिवारों की महिलाओं के नाम पर बिना किसी सुरक्षा राशि के गैस कनेक्शन दिए गए। अगस्त 2018 में पांच करोड़ कनेक्शन का पहला लक्ष्य हासिल हुआ। इसे 2019 तक बढ़ाकर आठ करोड़ कर दिया गया। उज्ज्वला 2.0 ने उन प्रवासी परिवारों की चिंता भी दूर कर दी, जिनके पास स्थायी पते का प्रमाण नहीं था।

1 मार्च 2026 तक 10.56 करोड़ महिलाएं इस योजना की लाभार्थी बन गईं। इस योजना की सफलता सिर्फ कनेक्शन देने तक ही सीमित नहीं। इसके साथ ही गैस वितरण की व्यवस्था का भी व्यापक विस्तार हुआ। 2014 में देश में कुल 14.52 करोड़ गैस कनेक्शन थे। यह संख्या नवंबर 2024 तक बढ़कर 32.83 करोड़ हो गई। गैस वितरकों की संख्या लगभग दोगुनी हो चुकी है। इनमें से ज्यादातर केंद्र ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में खोले गए। पिछड़े क्षेत्रों में एलपीजी ढांचे को मजबूत करने में तेल विपणन कंपनियों ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इसमें जन-धन, आधार और मोबाइल की तिकड़ी ने पारदर्शिता के साथ सार्थक भूमिका निभाई। इसके जरिये सब्सिडी का पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचने लगा। बीच के सभी रिसाव दूर किए गए।

स्वच्छ ईंधन का सबसे गहरा और सकारात्मक असर महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ा। लकड़ी और उपलों के धुएं से होने वाली बीमारियां महिलाओं और बच्चों के लिए हमेशा से एक बड़ा जोखिम रही हैं। उज्ज्वला ने इस संकट को जड़ से मिटाने का काम किया। जहां भी इस योजना का विस्तार हुआ, वहां श्वसन संबंधी बीमारियों में भारी कमी दर्ज की गई। यह एक मूक स्वास्थ्य क्रांति की तरह है, जिसने महिलाओं को चूल्हे के धुएं की गुलामी से आजाद किया। समय की बचत भी इस योजना का एक और क्रांतिकारी पहलू है। ईंधन जुटाने और पारंपरिक चूल्हे पर खाना पकाने में लगने वाले घंटों की बचत ने महिलाओं को एक नया आकाश दिया। अब वे उस बचे हुए समय का उपयोग आर्थिक गतिविधियों में कर पा रही हैं। कई महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ रही हैं या छोटे व्यवसाय शुरू कर रही हैं। जब घर में सुविधा बढ़ती है, तो वह सशक्तीकरण की ओर ले जाती है। महिलाओं के पास समय होने से बेटियों की शिक्षा और उनके भविष्य पर भी बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

अब जब यह योजना अपने दूसरे दशक में प्रवेश कर रही है, तो सरकार का पूरा ध्यान इसके निरंतर उपयोग पर है। यह बहुत सुखद है कि उज्ज्वला लाभार्थियों में गैस की खपत काफी बढ़ी है। साल 2019-20 में यह औसतन तीन सिलिंडर थी, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग पांच सिलिंडर तक पहुंच गई। यह बदलाव बताता है कि लोग अब स्वच्छ ऊर्जा को अपनी आदत बना रहे हैं। सरकार भी लक्षित सब्सिडी और छोटे सिलिंडर जैसे विकल्पों के जरिये सुनिश्चित करने में लगी है कि लागत कभी बाधा न बने। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि स्वच्छ रसोई का यह सफर स्थायी बने।

प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण में महिला सशक्तीकरण केवल एक नीतिगत नारा नहीं, बल्कि यह एक ऐसी व्यवस्था है, जो जमीनी स्तर पर परिणाम देती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लेकर बजट में महिलाओं के लिए बढ़ी हुई हिस्सेदारी तक, हर कदम इसी दिशा में है। इसी क्रम में उज्ज्वला योजना भी इसका प्रमाण बनी कि जब नीतियां संवेदनशीलता के साथ बनती हैं, तो करोड़ों जिंदगियों को बदल देती हैं।

धुएं से आजादी और रसोई में सम्मान की बहाली ही विकसित भारत की सच्ची पहचान है। जब घर की रसोई में सुविधा का उजाला होता है, तो पूरा देश आगे बढ़ता है। उज्ज्वला योजना भारत की नारी शक्ति के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## ऊर्जा-आत्मनिर्भरता की राह में बड़ा कदम

स्वदेशी डिजाइन से निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) ने 6 अप्रैल को सफलतापूर्वक अपनी प्रथम 'क्रिटिकैलिटी' प्राप्त की है। अब भारत में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध थोरियम, दीर्घकालीन परमाणु कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत ने अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में हाल में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। तमिलनाडु के कल्पक्कम में स्वदेशी डिजाइन से निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) ने 6 अप्रैल को सफलतापूर्वक अपनी प्रथम 'क्रिटिकैलिटी' प्राप्त की, जो नाभिकीय चेन रिएक्शन की शुरुआत है। यह प्रोटोटाइप एफबीआर 500 मेगावाट विद्युत (एमडब्ल्यूई) रिएक्टर है, जिसे भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) ने तमिलनाडु के कल्पक्कम नाभिकीय परिसर में निर्मित किया है।

यह तकनीक नाभिकीय ऊर्जा में यूरेनियम पर निर्भरता कम करेगी। इस उपलब्धि के साथ, भारत अपने तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है, जिसकी परिकल्पना डॉ. होमी जहांगीर भाभा ने की थी। वैश्विक स्तर पर भी यह महत्वपूर्ण परिघटना है। इसके पूर्ण संचालन में आने के बाद, रूस के बाद भारत, फास्ट ब्रीडर रिएक्टर का संचालन करने वाला, दुनिया का दूसरा देश बन जाएगा।

ईरान-युद्ध के आर्थिक दुष्प्रभावों के साथ, दुनियाभर के देश ऊर्जा सुरक्षा की तलाश में हैं। ज्यादातर देश कोयले और पेट्रोलियम के रूप में फॉसिल फ्यूल के सहारे हैं, पर अब उनके खत्म होने का समय है। वैसे भी उनके पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को देखते हुए विकल्पों की तलाश चल रही है। पनबिजली, सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा जैसे विकल्पों की तुलना में नाभिकीय ऊर्जा सबसे आगे है, क्योंकि बड़े स्तर पर वही जरूरत पूरी कर सकती है। उसके साथ भविष्य के तकनीकी विकास भी जुड़े हैं, जो नए विकल्पों को खोलेंगे।

अमेरिका के वैज्ञानिकों ने हाल में संलयन (फ्यूज़न) ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त घोषणा की है। व्यावसायिक रूप से इस पद्धति से बिजली बनाने में अभी कई दशक लगेंगे, पर भविष्य में यह ऊर्जा का विश्वसनीय स्त्रोत साबित होगा। यह बिजली भी परमाणु के नाभिकीय में छिपे ऊर्जा स्त्रोत पर आधारित होगी, पर अभी प्रचलित विखंडन पर आधारित नाभिकीय ऊर्जा से एकदम अलग और सुरक्षित होगी।

नाभिकीय ऊर्जा स्वच्छ है, पर उसके साथ दुर्घटनाओं के जोखिम हैं। इस वजह से जर्मनी ने 2023 में परमाणु विखंडन (फ़िज़न) को छोड़ने का फैसला किया है। वह भी परमाणु संलयन तकनीक पर भारी निवेश कर रहा है, जिसे वह भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा के रूप में देखता है। जापानी नेतृत्व ने 2011 की फुकुशिमा आपदा से पैदा हुई सार्वजनिक चिंताओं के बावजूद अब परमाणु ऊर्जा को फिर से अपनी प्राथमिकता बनाया है। ईरान युद्ध ने, उनके परमाणु संयंत्रों को फिर से खोलने और नए संयंत्र बनाने की बातें हैं। दक्षिण कोरिया पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा उत्पादकों में से एक है। वह भी अपनी असैनिक-परमाणु क्षमता का विस्तार कर रहा है। भारत में परमाणु ऊर्जा के सतत विकास के लिए फास्ट ब्रीडर की अनिवार्यता को डॉ. होमी भाभा ने 1950 के दशक में ही समझ लिया था।

उन्होंने माना कि भारत में यूरेनियम के सीमित भंडार नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम को लंबे समय तक चला नहीं पाएंगे। उन्होंने यूरेनियम के कुशल उपयोग के लिए ब्रीडर प्रणाली का सुझाव दिया। भारत में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध थोरियम, दीर्घकालीन परमाणु कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पीएफबीआर परियोजना की गतिविधियां 2003 में शुरू हुईं और उसी वर्ष 'भाविनी' नामक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की स्थापना हुई। प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रिटिकैलिटी केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं है। यह भारत के दीर्घकालिक परमाणु विज़न की परिपक्वता और उसकी स्वदेशी क्षमताओं की मजबूती को दर्शाती है।

सीमित यूरेनियम संसाधनों से लेकर थोरियम-संचालित भविष्य तक, भारत का तीन-चरणीय कार्यक्रम अब क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहा है। कल्पक्कम नाभिकीय परिसर में हुई प्रगति उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों में भरोसे को दर्शाती है।

जैसे-जैसे क्षमता का विस्तार होगा और नई प्रौद्योगिकियां आकार लेंगी, परमाणु ऊर्जा भारत के ऊर्जा मिश्रण में कहीं अधिक केंद्रीय भूमिका निभाने लगेगी। इस समय रूस ही फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) संचालित कर रहा है। हालांकि, कई देशों ने प्रायोगिक फास्ट रिएक्टर विकसित या संचालित किए हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, जर्मनी और चीन शामिल हैं, पर इनमें से ज्यादातर कार्यक्रम बंद हैं। इनकी लागत और तकनीकी सुरक्षा आड़े आई, पर भारत ने इन दिक्कतों पर काबू पाया है, क्योंकि यह तकनीक ही हमारी मददगार है।

# 4 मई के बाद बदल जाएगी देश की राजनीति



देश के चार राज्यों- असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल एवं एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम एग्जिट पोल भी सामने आ चुके है। इस बार का विधानसभा चुनाव , इस मायने में बहुत खास है कि इसमें देश के दो प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों-कांग्रेस और बीजेपी के साथ ही तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और एआईएडीएमके जैसे ताकतवर क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। सबसे बड़ा सवाल तो लेफ्ट फ्रंट के दलों के सामने खड़ा हो गया है क्योंकि केरल की सत्ता हाथ से जाते ही उनके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा। त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में तो लेफ्ट पार्टियां पहले ही साफ हो चुकी है।

जाहिर है कि इन पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के चुनावी नतीजें सिर्फ इन राज्यों के मुख्यमंत्री ही तय नहीं करेंगे बल्कि दोनों गठबंधन- एनडीए एवं इंडिया को भी प्रभावित करेंगे। यह भी एक तथ्य है कि चाहे, चुनावी नतीजे जो भी आए लेकिन इसके बाद देश के दो प्रमुख राजनीतिक दलों में तेजी से बड़े बदलाव दिखाई देने लगेंगे। बीजेपी ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर कई महीने पहले ही बदलाव की शुरुआत कर दी थी लेकिन वह बदलाव अभी संगठन के ढांचे और सरकार तक नहीं पहुंच पाया है। बताया जा रहा है कि चुनावी नतीजों के बाद नितिन नवीन की नई टीम के गठन के लिए उच्चस्तरीय बैठकों का दौर शुरू होगा। बीजेपी आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस बात की है कि वो बुजुर्ग हो चुके नेताओं को संगठन से बाहर रहने के लिए कैसे मना पाते हैं क्योंकि सबसे युवा अध्यक्ष चुनने के बाद पार्टी उनकी टीम को भी युवा नेताओं से ही भरना चाहती है। पार्टी के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में बीजेपी को पार्टी का फैसला लेने वाली सर्वोच्च ईकाई संसदीय बोर्ड, उम्मीदवारों का चयन करने वाली केंद्रीय चुनाव समिति के साथ ही राष्ट्रीय पदाधिकारियों और मोर्चों का पुनर्गठन करना है। पार्टी में नए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, मीडिया सहित विभिन्न विभागों की टीम के साथ ही राष्ट्रीय मोर्चों का भी पुनर्गठन करना है। इसके बाद बदलाव की यही प्रक्रिया सरकार और राज्यों में भी की जानी है। नई टीम में एक तरफ जहां युवा और अनुभवी नेताओं का संतुलन बनाना होगा वहीं महिलाओं को भी ज्यादा से ज्यादा जगह देनी होगी। बताया जा रहा है कि 4 मई को चुनावी नतीजे आने के 10-15 दिनों के अंदर नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान हो सकता है और इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय का पूरा स्वरूप ही बदला-बदला नजर आएगा।

कांग्रेस में भी बड़े पैमाने पर बदलाव की शुरुआत आने वाले दिनों में होने जा रही है। मोदी-शाह की जोड़ी ने 46 वर्ष के नितिन नवीन को बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर राहुल और सोनिया गांधी के सामने दुविधा की स्थिति पैदा कर दी है। मल्लिकार्जुन खड़गे सुलझे हुए परिपक्व नेता तो हैं लेकिन 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को भी एक युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ युवा नेताओं की टीम तो खड़ी करनी ही पड़ेगी। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि राहुल गांधी अभी भी इस बात पर अड़े हुए हैं कि गांधी परिवार का कोई भी व्यक्ति पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनेगा। ऐसे में जाहिर से बात है कि कांग्रेस को राहुल और प्रियंका गांधी से इतर जाकर अन्य युवा नेताओं की तरफ देखना पड़ेगा। इस रेस में फिलहाल सचिन पायलट सबसे आगे बताए जा रहे हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, दोनों के चहेते नेता सचिन पायलट को आने वाले दिनों में कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है, अगर अशोक गहलोत ने पार्टी के बुजुर्ग नेताओं के साथ मिलकर कोई और खेला नहीं कर दिया तो। ध्यान दीजिएगा कि, यह अकारण नहीं है कि पिछले कुछ दिनों से गहलोत बार-बार पायलट की बगावत का किस्सा सुनाने में लगे हुए है। लेकिन अगर पायलट का नाम पीछे छूट भी गया तो भी राहुल गांधी को पार्टी के लिए नया और वो भी युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष तो ढूंढना ही पड़ेगा। कांग्रेस के अंदर वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को लेकर भी सुगबुगाहट शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की गुटबाजी पर लगाम कसने के लिए खड़गे को मुख्यमंत्री बनाकर बेंगलुरू भेजा जा सकता है और उनकी जगह पर दिल्ली में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को बैठाया जा सकता है। जाहिर सी बात है कि अगर खड़गे कर्नाटक जाएंगे तो फिर पार्टी को राज्यसभा में भी अपना नया नेता चुनना पड़ेगा। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय संगठन महासचिव भी किसी युवा नेता को ही बनाना पड़ेगा और उसके बाद कांग्रेस मुख्यालय में भी नए चेहरों की संख्या बढ़ जाएगी। यह तय मान कर चलिए कि बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन में मई के महीने में ही बदलाव होना तय है। हालांकि कांग्रेस में बदलाव की यह रफ्तार थोड़ी धीमी हो सकती है।

# एफटीए का लाभ उठाने की चुनौती



पिछले दिनों भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया। इसके पहले यूरोपीय संघ (ईयू) से ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता हुआ था। ये समझौते केवल दो व्यापारिक शक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए वैश्विक नागरिक बनने के द्वार का खुलना है। आज यूरोप सहित सभी विकसित देश अपनी वृद्ध होती जनसंख्या के कारण भीषण श्रम संकट से जूझ रहे हैं और भारत अपनी जनसांख्यिकीय शक्ति यानी लाभांश के चरम पर है। अब लखनऊ, पटना या भुवनेश्वर का युवा यह सोच सकता है कि उसका करियर केवल दिल्ली-मुंबई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बर्लिन और पेरिस तक पहुंचेगा।

यह बदलाव केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि मानसिकता और आकांक्षाओं का भी विस्तार है। एफटीए की असली ताकत माइग्रेशन एंड मोबिलिटी पार्टनरशिप में भी है, जो भारतीय पेशेवरों के लिए यूरोप में सुरक्षित, व्यवस्थित और सम्मानजनक अवसर सुनिश्चित करता है। नई दिल्ली में स्थापित लीगल गेटवे आफिस इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अब भारतीय प्रतिभा का प्रवास अनौपचारिक नहीं, बल्कि संस्थागत और संरक्षित होगा। यूरोपीय श्रम बाजार में ही वर्तमान में जो रिक्तियां हैं, वे चौंकाने वाली हैं। ईयू में रोजगार दर 76.3 प्रतिशत के उच्च स्तर पर होने के बावजूद वहां प्रतिभा का अकाल है। ईयू देशों में 10 लाख से ज्यादा स्वास्थ्य पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता है। जर्मनी, फ्रांस और आयरलैंड जैसे देशों में भारतीय नर्सों, केयरगिवर्स और फिजियोथेरपिस्ट की भारी मांग है।

यूरोपीय संघ की चीन प्लस वन रणनीति के कारण वहां तकनीकी क्रांति तेज हुई है। साफ्टवेयर इंजीनियरिंग, डाटा साइंस और साइबर सुरक्षा में भारतीय युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। यूरोप का नेट-जीरो लक्ष्य 2035 तक अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार का विस्फोट करेगा। सोलर तकनीशियन, विंड टर्बाइन विशेषज्ञ और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) इंजीनियरों के लिए वहां का बाजार अभी से पलकें बिछाए खड़ा है। केवल उच्च शिक्षित ही नहीं, बल्कि लाजिस्टिक्स, निर्माण और होटल उद्योग में भी लाखों अवसर हैं। वेयरहाउस आपरेशंस, स्मार्ट इलेक्ट्रिशियन और कृषि प्रसंस्करण में कुशल युवाओं की विशेष मांग देखी जा रही है। अवसर तो बहुत हैं, पर उनकी राह में देश के युवाओं में कौशल की भारी कमी है। एक हालिया शोध के अनुसार भारत में स्नातक युवाओं में से केवल 8.25 प्रतिशत ही अपनी शिक्षा के अनुरूप काम कर रहे हैं, जबकि 50 प्रतिशत से अधिक युवा अपनी योग्यता से कम स्तर के कार्यों में लगे हैं। हिंदी भाषी राज्यों में केवल अंग्रेजी ही नहीं, बल्कि जर्मन, फ्रेंच और स्पेनिश भाषा की जानकारी का अभाव सबसे बड़ी रुकावट है। हमारे आइटीआइ और विश्वविद्यालयों के कई प्रमाणपत्र यूरोपीय मानकों के साथ मेल नहीं खाते। यह समझना अनिवार्य है कि यूरोप केवल श्रमिक नहीं, बल्कि विशेषज्ञ मांगता है। अब खानापूर्ति वाले प्रशिक्षण का दौर बीत चुका है।

यदि प्रशिक्षण की गुणवत्ता लचर है तो यह केवल युवाओं के समय की बर्बादी नहीं, बल्कि राष्ट्र के साथ छल है। नीतिगत स्तर पर हमें मात्रा के बजाय गुणवत्ता को मूल मंत्र बनाना होगा। प्रशिक्षण संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों, उद्योग-संबद्ध पाठ्यक्रमों और वैश्विक प्रमाणपत्रों को अपनाना होगा। जब तक युवा वैश्विक मानकों पर खरे नहीं उतरेंगे, तब तक उनके लिए एफटीए के लाभ सीमित ही रहेंगे या फिर कागजों पर ही रहेंगे। युवाओं को अपनी कौशल पहचान बदलनी होगी। बिहार का लैंग्वेज लेबोरेटरी माडल एक शानदार उदाहरण है जहां अरबी, अंग्रेजी, जर्मन और जापानी सिखाई जा रही है।

युवाओं को स्नातक साथ ही कम से कम एक यूरोपीय भाषा में दक्षता हासिल करनी चाहिए। यूरोपास सीवी बनाना और ईयू टैलेंट पूल पर अपनी प्रोफाइल को सत्यापित करना सीखना अब ऐच्छिक नहीं, अनिवार्य है। यूरोपीय कार्यसंस्कृति में संवाद, समयबद्धता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता तकनीकी ज्ञान जितनी ही महत्वपूर्ण है। स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर इसी दिशा में सही कदम है, जो वाराणसी और भुवनेश्वर में चालू हो चुके हैं। डिजिटल स्किल पासपोर्ट जैसी पहल भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएगी और युवाओं के करियर को सुरक्षित करने में बहुत सहायक भी बनेगी।

## जिंदगी निगलती रफ्तार

देश के नीति-नियंताओं की सोच रही है कि विकास के लिए चौड़ी व रफ्तार वाली सड़कें जीवन रेखा का काम करें। हाल के वर्षों में इसी सोच के साथ राजग सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण युद्ध स्तर पर किया। देश के उत्थान के लिए विकास के बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी। लेकिन विकास की इस उन्नति के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ी विसंगति भी सामने आई कि इन पर होने वाली दुर्घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। हादसों का यह सिलसिला लगातार जारी है। सवाल उठता है कि उच्च तकनीक से तैयार आकर्षक व सुविधाजनक एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग यात्रियों की सुरक्षा की कसौटी पर खरे क्यों नहीं उतर पा रहे हैं। यूं तो देश की कुल सड़कों में दो फीसदी ही राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, लेकिन देश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में इनकी संख्या तीस फीसदी हो गई है। जो हमारी गंभीर चिंता का सबब बन रहा है। ऐसे में आम नागरिकों की इस गहरी चिंता को महसूस करते हुए देश की शीर्ष अदालत ने हस्तक्षेप किया है। शीर्ष अदालत ने इस संकट पर गहरी चिंता जताते हुए केंद्र व राज्य सरकार तथा इससे संबधित विभागों को सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के आधार पर सशक्त करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की मान्यता रही है अधिकारियों की उदासीनता व निर्माण से जुड़ी खामियों की वजह से राजमार्ग व एक्सप्रेस-वे दुर्घटना के कारक नहीं बनने चाहिए। इस दिशा में अविलंब कार्रवाई होनी चाहिए ताकि मार्ग खतरे का गलियारा न बने। विडंबना यह भी है कि देश में आम लोगों में ट्रैफिक से जुड़ी अनुशासन की सोच पूरी तरह से विकसित नहीं हो पायी है। खुली सड़क मिलते ही रफ्तार तेज होने लगती है, यह जानते हुए कि ये गति हमारी दुर्गति का कारण भी बन सकती है। इसके अलावा तेज स्पीड में भी फोन पर बात करते रहना और शराब पीकर वाहन चलाना भी सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ाने वाला साबित हुआ है। यह विडंबना ही है कि भारत में दुनिया के अन्य विकसित व समकक्ष विकासशील देशों के अनुपात में वाहनों की संख्या तो कम है लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में हम अव्वल हैं। यह आंकड़ा डराता है कि साल भर में होने वाली करीब साढ़े चार लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाओं में हर साल डेढ़ लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है।

इसके अलावा लाखों लोग घायल होते हैं। दुर्भाग्य से लाखों लोग ऐसे भी होते हैं जो जीवनपर्यंत अपंगता का शिकार हो जाते हैं। विडंबना यह भी कि सड़क दुर्घटनाओं में दम तोड़ने वाले लोगों में बड़ी संख्या युवा आबादी की है। ये युवा आबादी अपने परिवार की कमाई का मुख्य जरिया होती है, उनकी मौत पूरे परिवार को गरीबी की दलदल में धकेल देती है। यहां प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में कमी क्यों नहीं आ रही है। वास्तव में कोशिश होनी चाहिए कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए होने वाले प्रयास जमीनी हकीकत भी बनें, जो वास्तव में राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे को दुर्घटनाओं से निरापद बना सकें। निस्संदेह, चौड़ी व तेज गति देने वाली सड़कें देश के विकास को प्राणवायु देती हैं, लेकिन ये सड़कें यात्रियों की प्राण रक्षा करने वाली भी होनी चाहिए।

## वाटर कूलर का उद्घाटन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ के निकटवर्ती गांव मींगणा में फौजी स्व. ओम सिंह राठौड़ की दूसरी पुण्य तिथि पर अनेक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर शीतल प्याऊ एवं वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया तथा उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य नोरंगलाल सीलू, संदीप भंवरिया, नितिन जैन, बजरंग भाकर, मांगीलाल प्रजापत, श्रवण सिंह, महावीर दास स्वामी, बिहारीलाल ढिढारिया, गिरधारी सिंह फौजी, गोपाल, मोहन सोनी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को कृष्ण भोग करवाकर पुण्य कार्य किया गया।

## भूमिका शुक्ला का रग्बी प्रीमियर लीग में चयन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** रग्बी के खेल में जयपुर की बेटी भूमिका शुक्ला ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हैदराबाद में आयोजित होने वाली आरपीएल रग्बी प्रीमियर लीगद्ध में भूमिका शुक्ला का चयन हुआ है। उनके चयन की खबर सामने आते ही शहर में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों व जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है।

### मुम्बई ड्रीमर्स टीम में मिली जगह

जानकारी के अनुसार जून माह में आयोजित होने वाली आरपीएल में भूमिका शुक्ला मुम्बई ड्रीमर्स टीम का प्रतिनिधित्व करती हुई नजर आएंगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें अपनी प्रतिभा के दम पर भूमिका ने मुम्बई ड्रीमर्स की टीम में अपनी जगह पक्की की है।

### सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता

भूमिका के चयन की सूचना मिलते ही उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। उनके घर पर मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। वहीं, बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भूमिका को उनकी इस सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, शव पीहर पक्ष को सौंपा

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम बीरमसर में विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। सरदारशहर के रहने वाले समुद्रसिंह ने रिपोर्ट दी है कि उसकी पुत्री की ससुरालजनों द्वारा हत्या कर दी गई है। समुद्रसिंह ने रिपोर्ट में लिखा है कि उसकी पुत्री वसुंधरा कंवर की शादी 23 नवंबर 2019 को तहसील के ग्राम बीरमसर निवासी भूपेंद्रसिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालजन कम दहेज लाने का ताना देते हुए स्कॉर्पियो कार देने की मांग करने लगे। उनकी मांग जब पूरी नहीं हुई तो वे लोग वसुंधरा को प्रताड़ित करने लगे। वसुंधरा ने जब एक पुत्री को जन्म दिया तो उसके बाद से ससुरालजनों की प्रताड़ना और बढ़ गई और स्कॉर्पियो देने की लगातार मांग करने लगे और गुरुवार को ससुराल पक्ष के लोगों ने वसुंधरा की हत्या कर दी। पुलिस ने लाश को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां पर मामला दर्ज होने के बाद शुक्रवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर शव पीहर पक्ष को सौंपा।

## स्कूल जाते समय नाबालिग बच्चियों से छेड़छाड़ का मामला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट के थाना इलाके में स्कूल जाती नाबालिंग बच्चियों के साथ छेड़छाड कर उन्हे मोबाइल फोन पर अश्लील वीड़ियों दिखाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। वहीं पुलिस आरोपी के मोबाइल फोन की जांच करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि एक मंदिर के सिक्योरिटी गार्ड ने शुक्रवार सुबह पैदल जा रहीं स्कूल की नाबालिंग बच्चियों को रोककर उनके साथ अश्लील हरकते की और मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियों दिखाए। बच्चियों ने आरोपी गार्ड की हरकते देख विरोध किया और शोर मचा दिया। इस पर आरोपी गार्ड मौके से फरार हो गया। बच्चियों ने घर पहुंच कर मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुस्सा, परिजनों ने आरोपी गार्ड के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कुछ ही देर में आरोपी गार्ड को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी गार्ड के मोबाइल फोन की जांच करने में जुटी है।

## स्नातक पार्ट प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में स्नातक पार्ट प्रथम सेमेस्टर कला वर्ग, वाणिज्य वर्ग, विज्ञान वर्ग में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से प्रारम्भ हो गई है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सत्यवती बुडानिया ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी स्वयं एसएसओ पोर्टल से या ई-मित्र के द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई है। अभ्यर्थियों की अन्तरिम वरियता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 20 मई को किया जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि 25 मई है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 27 मई को किया जायेगा। इसी क्रम में श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि 29 मई तथा अंतिम तिथि 4 जून है। महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम सेमेस्टर में शिक्षण कार्य 1 जुलाई से प्रारम्भ हो जायेगा।

# मेड़ता रोड-बीकानेर रेलवे लाइन दोहरीकरण को मंजूरी

### बीकानेर, नोखा सहित 172 किमी ट्रैक पर दौड़ेगी डबल लाइन

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मेड़ता रोड-बीकानेर रेलवे लाइन के दोहरीकरण डबल लाइन को मंजूरी मिल गई है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बिहारी लाल बिश्नोई ने बताया-इस परियोजना के तहत बीकानेर से उदयरामसर, पालना, देशनोक, सुरपुरा और नोखा तक ट्रेनें अब डबल लाइन पर चलेंगी। इसके साथ ही, नोखा से नागौर होते हुए मेड़ता रोड तक की रेलवे लाइन का भी दोहरीकरण किया जाएगा। रेलवे ने इस परियोजना के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है, जिससे नई रेल लाइन बिछाने का कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। क्षेत्रवासी लंबे समय से इस मांग को उठा रहे थे। करीब 172 किलोमीटर से अधिक लंबाई में होने वाले इस दोहरीकरण से परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। यात्रियों के लिए सफर अधिक सुगम और तेज होगा, वहीं माल ढुलाई भी पहले की तुलना में अधिक गति और क्षमता के साथ हो सकेगी। इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलने की संभावना है। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बिहारी लाल बिश्नोई ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

### अर्जुन को अब निशाना लगाने की जरूरत ताकि नोखा बन सके जंक्शन

केंद्रीय मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल से उपखण्ड के लोगों को बहुत आस लगी थी। परन्तु मेघवाल के नोखा उपखण्ड को अनदेखा करने से नोखा रेलवे जक्शन नहीं बन पाया। करीब दो दशक पहले रेलवे के बजट मे नोखा सीकर रेल लाइन का सर्वे की घोषणा हुई थी। उसके बाद बीकानेर से भाजपा के सांसद अर्जुन राम मेघवाल बने और दो बार केबिनेट मंत्री भी बने परन्तु मेघवल ने कभी नोखा सीकर रेल लाइन की और ध्यान तक नहीं दिया। ठंडे बस्ते में पड़ी नोखा सीकर रेल लाइन की मंजूरी की मंत्री मेघवाल से यहाँ की जनता को उम्मीद है। इस रेल लाइन का लाभ चार जिलों को मिलेगा। बीकानेर, नागौर, चूरू और सीकर जिले के लोगो को सीधा लाभ होगा। इस मार्ग मे बिश्नोई समाज के सबसे बड़े तीर्थ मुकाम, सालासर बालाजी और खाटू श्याम जी जैसे धार्मिक स्थल से जोड़ना प्रस्तावित था। परन्तु अब तो अर्जुन के बान का ही लोगो को इंतजार हे।




## फोर्टिस कैंसर समिट : देश-विदेश से कैंसर शोध से जुड़े विशेषज्ञ मिल-जुलकर करेंगे चर्चा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैश्विक स्तर पर ओंकोलॉजी के क्षेत्र में परस्पर सहयोग को रेखांकित करते हुए फोर्टिस कैंसर इंस्टीट्यूट में फोटिस कैंसर समिट 2026 का आयोजन हो रहा है। जिसमें देश-विदेश से कैंसर शोध से जुड़े विशेषज्ञों के अलावा ओंकोलॉजी से संबद्ध दिग्गज हिस्सा ले रहे हैं और कैंसर केयर के भविष्य पर मिल-जुलकर चर्चा करेंगे। इस समिट में भारत भर के 50 से भी अधिक प्रतिष्ठित कैंसर सेंटर, 500 से अधिक नेशनल फैकल्टी और 25 देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे 100 से अधिक इंटरनेशनल फैकल्टी की हिस्सेदारी के चलते यह आयोजन ओंकोलॉजी पर विचार विमर्श तथा इससे संबंधित श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान के सर्वाधिक प्रभावशाली वैश्विक मंचों में से एक साबित होगा। लगभग 1 हजार 200 प्रतिनिधियों तथा 150 ओंकोलॉजी छात्रों की प्रतिभागिता के चलते राष्ट्रीय राजधानी ग्लोबल ओंकोलॉजी विलेज में बदलने जा रही है जिसमें कैंसर केयर जैसे गंभीर विषय पर वैज्ञानिक आदान-प्रदान, नवाचार और परस्पर तालमेल पर जोर दिया जाएगा। इस मंच पर वैश्विक और भारतीय ओंकोलॉजी दिग्गजों को एकजुट कर भौगोलिक सीमाओं से परेए भविष्य के लिए तैयार कैंसर केयर को बढ़ावा दिया जाएगा। ऐसे समय में जबकि अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में कैंसर के उपचार संबंधी गाइडलाइंस अलग-अलग हैं, ऐसे में इस कॉन्फ्रेंस में साक्ष्य-आधारित ओंकोलॉजी से आगे के भविष्योन्मुखी और शक्तिशाली थीम को प्रमुख आधार बनाया गया है। जो कि उभरते साक्ष्यों को रियल-वर्ल्ड क्लीनिकल प्रेक्टिस में बदलने पर जोर देगा। दो दिनों तक चलने वाली इस समिट के दौरान 25 से अधिक थीम आधारित सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिनमें अंग-विशेष पर आधारित ओंकोलॉजी सत्रों के अलावा मल्टीडिसीप्लीनरी चर्चाओं और व्यावहारिक वर्कशॉप शामिल होंगी और इनके माध्यम से प्रतिभागियों को उभरते साक्ष्यों और कैंसर केयर में रियल-वर्ल्ड में हो रहे नए प्रयोगों के बारे में व्यावहारिक जानकारी मिलेगी।

इस समिट में ओंकोलॉजी के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जाने-माने वैश्विक विशेषज्ञों के अलावा प्रोटोन थेरेपी, एमआर-गाइडेड रेडियोथेरेपी एमआर लाइनेक, रेडिएशन ओंकोलॉजी, मेडिकल ओंकोलॉजी, सर्जिकल ओंकोलॉजी, हेमेटोलॉजी, पिडियाट्रिक हेमेटोलॉजी, गाइनी ओंकोलॉजी तथा जीनोमिक्स के दिग्गज भी हिस्सा ले रहे हैं, जो इस बात की ओर इशारा है कि इस मंच पर एकीकृत, नेक्स्ट.जेनरेशन कैंसर केयर पर जोर दिया जाएगा। समिट में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं।

## जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की गौसेवा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्रीय विधायक और कांग्रेस के चूरू जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोपाल गौशाला पहुंचकर गौसेवा की। इस दौरान गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया व पक्षियों के लिए परींडे लगाकर उनमें पानी डाला गया। कार्यक्रम के दौरान शहर ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस प्रदीप तोदी, नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा, रेखाराम मेहरड़ा, अमित मारोठिया, इकबाल खां, बिलाल भूट्टा, शकूर सब्जीफरोश, मुकुल मिश्रा, शंकरलाल, अजय ढ़ेनवाल, सलीम बहलीम, डॉ योगिता सक्सेना, बजरंग सैन, कन्हैयालाल, राजकुमार इंदोरिया, तरूण सियोता, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष फारूक भूट्टा, मधु बागरेचा, प्रिया प्रजापत, सुनीता रावतानी, अनामिका प्रजापत, अमजद खां सहित अनेक कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व मजदूर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के निर्देशानुसार शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजपुरा में मजदूर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने मजदूर दिवस पर श्रमिकों व मजदूरों के विभिन्न अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक किया व देश के विकास में योगदान देने वाले कर्तव्यों से संबंधित कानूनी जानकारी दी। भाकर ने बताया कि 1 मई राष्ट्रीय स्तर पर लेबर डे के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकार इस दिन विभिन्न श्रमिक कल्याण योजना की घोषणा करती है, पुरस्कार वितरित करती है और मजदूरों के योगदान को याद करती है। श्रमिकों द्वारा समाज में किए गए कठिन परिश्रम और आर्थिक योगदान को मान्यता देनी चाहिए। मजदूर देश के विकास के नियम एवं मजदूरों को उनके अधिकारों उचित वेतन और सुरक्षित कामकाजी माहौल देना चाहिए। कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया और बच्चों को साइबर अपराध के बारे में कानूनी जानकारी दी।

## मारपीट कर युवक का अपहरण

**जयपुर (नवयत्न)।** मालपुरा गेट थाना इलाके में मारपीट कर युवक के अपहरण करने का मामला सामने आया है । पुलिस ने पीड़ित की शिकायत व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। एसआई रामकिशोर ने बताया कि चाकसू स्थित टुटोली गांव निवासी अशोक मीणा ने गुरुवार को मामला दर्ज कराया है कि रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्त विनोद के साथ इंडिया गेट चौराहे पर किसी काम से आया था। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार उनके पास आकर रुकी। कार में सवार तीन-चार लड़कों नीचे उतरे और उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जबरन कार में डाल लिया। कार में बैठने के बाद बदमाशों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और कार को इधर .उधर घुमाते रहें। एक घंटे तक मारपीट करने के बाद कार सवार बदमाश उसे चलती कार से नीचे फेंक कर फरार हो गए। आरोपियों के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## चाय को ग्लोबल वेलनेस ड्रिंक बनाने के रोडमैप पर खुलकर की चर्चा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में इंडिया टी वॉकाथॉन की सफलता पर सेशन आयोजित हुआ। जिसमें एक हजार से अधिक लोग शामिल हुए। जिन्होंने सेशन माध्यम से सिद्ध कर दिया है कि चाय केवल सुबह की शुरुआत नहीं, बल्कि एक आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा है। आयोजित विशेष साक्षात्कार में टी बोर्ड इंडिया के डिप्टी चेयरमैन सी. मुरुगन ने चाय को ग्लोबल वेलनेस ड्रिंक बनाने के रोडमैप पर खुलकर चर्चा की। मुरुगन ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष की थीम केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा की ओर लौटने का आह्वान है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आज वेलनेस की तलाश में है। हम दुनिया को बस यह याद दिला रहे हैं कि जिस एंटीऑक्सीडेंट्स और प्राकृतिक ऊर्जा को वे खोज रहे हैं, वह सदियों से हमारे घरों में भारतीय चाय के रूप में मौजूद है। इन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के कॉफी और एनर्जी ड्रिंक्स की ओर झुकाव पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि टी बोर्ड प्रतिस्पर्धा के बजाय कनेक्शन पर ध्यान दे रहा है। बोर्ड अब डिजिटल कैंपेन, कैंपस एक्टिवेशन और इंस्टाग्राम/यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिए फिटनेस और स्थिरता की भाषा में युवाओं से संवाद कर रहा है। छोटे किसानों पर चर्चा करते हुए उन्होंने एक महत्वपूर्ण आंकड़ा साझा किया। भारत के कुल चाय उत्पादन में 52 प्रतिशत से अधिक योगदान छोटे बागान मालिकों का है। मुरुगन ने भरोसा दिलाया कि वित्तीय सहायता, क्वालिटी अपग्रेडेशन और उचित मूल्य निर्धारण के जरिए इस पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना टी बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जयपुर की सफलता से उत्साहित मुरुगन ने घोषणा की अगले एक साल में देश के 10 से अधिक प्रमुख शहरों में ऐसे वॉकाथॉन और टी-एक्सपीरियंस इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे।

## कांग्रेस पार्टी के नेता राठौड़ का किया स्वागत

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** बीकानेर से जयपुर जाते समय रतनगढ़ में संगम चौराहा पर कांग्रेस पार्टी के नेता धमेंन्द्रसिह राठौड़ का कल्याणसिह शेखावत के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। इस अवसर पर धमेंन्द्र राठौड़ ने कहा कि ईडब्लूएस जन जागृति मंच के द्वारा ईडब्ल्यूएस आरक्षण में सरलीकरण हेतु चलाई जा रही सकारात्मक मुहिम की सफलता के लिये सभी स्वर्ण समाज के प्रतिनिधि आवाज बुंलद करें। इस अवसर पर सर्वसमाज ने एकजुटता के साथ इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कल्याणसिंह शेखावत ने कहा कि यदि समय रहते इन मुद्दों का समाधान नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर हमारे युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा। हम सभी धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम में कधें से कधां लगाकर साथ और सहयोग करने के लिये कटिबद्ध है। इस दौरान करणसिंह राठौड़ अध्यक्ष श्री राजपुत महासभा, एडवोकेट देवीसिंह राजपुरोहित, पवनसिंह कुसुमदेसर, दीवानसिह राठौड़ भोजासर, प्रभुसिह राठौड़, रमेश कुमार बैद, उदयप्रकाश दायमा, अजय बणसिया, सुर्यप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, संदीपसिह भोजासर, भैरुसिंह भोजासर, कमलेश प्रजापत, विक्रम सिंह बछरारा, गजुसिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## भगवान नृसिंह प्राकट्योत्सव दिवस मनाया

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नृसिंह मार्केट स्थित श्री नृसिंह मंदिर में दो दिवसीय भगवान नृसिंह प्राकट्योत्सव दिवस मनाया। इस अवसर पर समारोह के प्रथम दिन मंदिर परिसर की भव्य सजावट की गई। मंदिर पुजारी दीपक बोगड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि संगीतमय भक्ति गायक पं मनीष महर्षि व मनोज स्वामी के आचार्यत्व में रात्रि में संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत दिन में महिला मंडल की मातृशक्ति ने मंगलपाठ से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। भगवान नृसिंहजी की प्रतिमा का मनमोहक श्रंगार किया गया तथा मंदिर प्रांगण में दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई। इस अवसर पर नृसिंह महाराज को चूरमे का भोग लगाकर आगंतुक भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। समारोह में मंदिर समिति के सदस्य जितेंद्र बोगड़, धनराज इंदौरिया, तिलोक कम्मा, राजकुमार सुरोलिया, कौशल मिश्रा, विष्णु धर्ड, महेश धर्ड, किशन सराफ, विष्णु ताम्रायत, अजीत महर्षि, रामजी रिणवा, गोपाल मुरारका, नन्दलाल हरितवाल, सचिन हरितवाल, चेतन जांगिड़, प्रहलाद इंदौरिया, जगदीश प्रजापत, रतनलाल स्वामी, शांतिलाल, दीनदयाल पीपलवा, कमल चौधरी, संजय चौधरी, दिलीप भरतिया, ओमप्रकाश बबेरवाल, हिमांशु गुर्जर गौड़, वासुदेव कटारिया, रवि बोगड़, कैलाश पारीक, विजय बंसिया, सुजीत शर्मा, सूरज भाटी, चंद्र प्रकाश धर्ड सहित अनेक धर्म श्रद्धालु श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## स्वामी हरिदास राम महाराज का जन्मोत्सव संपन्न



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रेम प्रकाश मंडल के चतुर्थ पीठाधीश्वर मर्यादा मूर्ति सतगुरु स्वामी हरिदास राम महाराज का पंचदिवसीय जन्मोत्सव भक्ति और सेवा के अनूठे संगम के साथ पूर्णिमा को संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वामी मोहन प्रकाश महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रमों में हजारों भक्तों ने भाग लिया और गुरु का प्रसाद ग्रहण किया।

**धार्मिक अनुष्ठानों की रही धूम:** जन्मोत्सव के समापन दिवस पर सुबह 7 बजे से ही भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। दिनभर चले कार्यक्रमों में नित्य नियम प्रार्थना, संतों द्वारा स्वामी हरिदास राम महाराज की महिमा का गुणगान और उनके प्रवचनों का श्रवण किया गया। इस दौरान सत्यनारायण भगवान की कथा, श्रीमद्भगवद्गीता और श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब के पाठों का भोग परायण हुआ। दीप प्रज्वलन और बधाई गीतों के साथ माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

**सेवा के संकल्प को मिली सार्थकता:** स्वामी हरिदास राम महाराज की शिक्षाओं की अनुपालना करते हुए जन्मोत्सव के दौरान सेवा कार्यों पर विशेष जोर दिया गया। स्वामी मोहन प्रकाश महाराज के सानिध्य में विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्य किए गए।

**अन्नदान व जल सेवा:** एसएमएस हॉस्पिटल के बाहर और मानसरोवर के स्वामी हरिदास राम उद्यान में राहगीरों को नमकीन पुलाव, छाछ, लस्सी, शर्बत और फल वितरित किए गए।

**अनाथालय व कुष्ठ आश्रम में मदद:** निर्माण नगर स्थित केयर होम अनाथालय में बच्चों को पाठ्य सामग्री, फरूटी और फल भेंट किए गए। उत्सव की पूर्णाहुति पर कुष्ठ आश्रम के रोगियों के लिए भोजन और फल भेजे गए।

**विशाल भंडारे में उमड़े भक्त:** जन्मोत्सव की पूर्णाहुति पर गुरु दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर स्वामी मनोहर लाल, संत मोनूराम, संत नवीन, संत गुरुदास, संत हरीश और भगत जीतूराम, दीपक, पुनीत, अविनाश व ऋषि भरत सहित अनेक संतों ने स्वामी हरिदास राम महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला और उनके दिखा, मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# हाईकोर्ट का आतंकियों की सजा पर रोक लगाने से इनकार

## जयपुर धमाके- जिंदा बम मिलने के मामले में राहत नहीं; जेल में ही रहना पड़ेगा

जयपुर।

जयपुर में 18 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा बम मिलने के मामले में दो आतंकियों को फिलहाल हाईकोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया हैं। आंतकी मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद की स्टे एप्लीकेशन को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया हैं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की बैंच के दोनों आतंकियों को फिलहाल राहत देने से इनकार करने पर इन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा।

बता दे कि 4 अप्रेल 2025 को जयपुर बम ब्लास्ट की विशेष कोर्ट ने सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 13 मई को 2008 को जयपुर में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे। 9वां बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे डिफ्यूज कर दिया गया था। धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 185 घायल हुए थे।

### आतंकियों ने कहा- 8 केस में हम बरी हो चुके है

दोनों आतंकियों की ओर से कहा गया कि ब्लास्ट के 8 मामलों में ट्रायल कोर्ट ने हमें फांसी की सजा सुनाई थी लेकिन हाईकोर्ट ने उस सजा को रद्द करते हुए हमें बरी कर दिया था। जिंदा बम मिलने के मामले में भी वहीं सबूत और तथ्य अभियोजन की ओर से पेश किए गए हैं। जब समान मामलों में हमें बरी किया जा चुका है, तो फिर ट्रायल कोर्ट उन्हीं तथ्यों के आधार पर सजा कैसे दे सकता हैं? उन्होंने कहा कि हम लंबे समय से जेल में है। इस मामले की अपील पर सुनवाई में लंबा समय लगेगा, ऐसे में जमानत का लाभ दिया जाए।

### सरकार ने कहा-अतिरिक्त एविडेंस पेश किए

सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश चौधरी, अधिवक्ता अमन अग्रवाल और नेहा गोयल ने कहा कि आतंकियों का मुख्य काम टैरर फैलाना होता है। इन लोगों ने ब्लास्ट दो न्यूज चैनल को मेल करके ब्लास्ट की जिम्मेदारी ली थी। इस केस में हमने उस मेल को रिकवर करने सहित अतिरिक्त एविडेंस पेश किए हैं। जिनके आधार पर ट्रायल कोर्ट ने इन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई हैं।

# एमपी के क्रूज हादसे में पायलट समेत 3 बर्खास्त

## एक कर्मचारी सस्पेंड, बरगी डैम में 9 शव मिले, 3 बच्चों समेत 4 अब भी लापता

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे पर्यटन विभाग का एक क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया। अब तक 9 शव मिल चुके हैं। प्रशासन के मुताबिक, 28 लोगों को बचा लिया गया है। तीन बच्चों सहित 4 लोग लापता हैं। शुक्रवार शाम तक लापता लोगों का पता नहीं चल सका। रेस्क्यू के दौरान वहां तेज बारिश भी होने लगी। इसके बाद सर्चिंग रोक दी गई है। रात में दोबारा सर्चिंग की जाएगी। इधर, जबलपुर के बरगी जलाशय में हुए दुखद क्रूज हादसे के बाद प्रशासन ने लापरवाही के मामले में कड़ा कदम उठाया है। क्रूज पायलट महेश पटेल, हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। वहीं, होटल मैकल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को कार्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है। रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

# नितिन गडकरी ने शुरू की नई टोल तकनीक, बिना रुके होगा भुगतान

नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुजरात में नेशनल हाईवे-48 के सूरत-भरूच खंड पर स्थित चोरायासी टोल प्लाजा पर देश की पहली मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) बैरियर-रहित टोलिंग प्रणाली का शुभारंभ किया। यह नई तकनीक वाहनों को बिना रुके टोल भुगतान की सुविधा देती है।

### एएनपीआर और फास्टैग तकनीक का उपयोग

इस अत्याधुनिक प्रणाली में ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) और ख्नस्झ्डुद्द तकनीक का उपयोग किया गया है। इससे वाहनों को टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता नहीं होगी और टोल संग्रह पूरी तरह स्वचालित तरीके से होगा।

### डिजिटलीकरण की दिशा में बड़ा कदम

एमएलएफएफ प्रणाली को भारत के टोलिंग इकोसिस्टम के डिजिटलीकरण और राष्ट्रीय राजमार्गों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। इससे न केवल यात्रा का समय कम होगा, बल्कि ट्रैफिक जाम में कमी आएगी और टोल संचालन अधिक पारदर्शी बनेगा।

### ईंधन बचत और प्रदूषण में कमी

इस नई व्यवस्था से वाहनों के रुकने की आवश्यकता खत्म होने के कारण ईंधन की बचत होगी और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। साथ ही, टोल संचालन में मानवीय हस्तक्षेप कम होने से प्रणाली अधिक कुशल और विश्वसनीय बनेगी।

### 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा

नितिन गडकरी ने कहा कि यह पहल आम नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' को बेहतर बनाएगी और देश में माल एवं लॉजिस्टिक्स की तेज आवाजाही सुनिश्चित कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को भी बढ़ावा देगी।

### आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार विश्व स्तरीय, तकनीक आधारित और यात्री-अनुकूल राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ट्रम्प बोले- ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे

## मैंने वहां जो किया वो कामयाब रहा, ईरानी सरकार ने 42,000 बेगुनाहों को मारा

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर आप (दुनिया) इससे सहमत हैं, तो मैंने जो किया वह पूरी तरह सफल रहा, क्योंकि हमारी सेना ने उन्हें पूरी तरह कमजोर कर दिया।

ट्रम्प ने आरोप लगाया कि ईरान की सरकार ने वहां विरोध प्रदर्शन करने वाले 42,000 बेगुनाह और निहत्थे लोगों की हत्या की है। यह एक उग्रवादी समूह है, लेकिन हमने उन्हें पूरी तरह कमजोर कर दिया है और उनकी अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।

वहीं, अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के



विकल्पों की जानकारी दी है।

फॉक्स न्यूज के मुताबिक एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रम्प के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए। इसमें बताया गया कि अगर ट्रम्प दोबारा हमले का फैसला लेते हैं, तो एक 'छोटा लेकिन बहुत ताकतवर हमला' किया जा सकता है।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

1. **ट्रम्प की धमकी:** ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल अकाउंट पर अपनी फोटो शेयर कर कहा, तूफान आगे बढ़ रहा है। इसे कोई रोक नहीं पाएगा।

2. **ईरान का जवाब:** सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कहा, हम हमलावरों को समंदर में डुबो देंगे। फारस की खाड़ी में उनके लिए कोई जगह नहीं है।

3. **तेल की कीमत बढ़ी:** गुरुवार को कच्चे तेल की कीमत तेजी से बढ़कर करीब 126 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई। यह 4 साल में सबसे ज्यादा थी। बाद में यह कम होकर 115 के करीब पहुंची।

4. **मुजतबा की सेहत पर सस्पेंस:** मुजतबा खामेनेई की सेहत को लेकर अब भी साफ जानकारी सामने नहीं आई है। वह अभी तक कभी सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आए हैं।

5. **अमेरिकी एयरक्राफ्ट लौटा:** दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड अब 300 दिनों से ज्यादा की रिकॉर्ड तैनाती के बाद अमेरिका लौट रहा है।

### अमेरिकी नौसेना को लगातार सप्लाई मिल रही

अमेरिका की सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि उनकी नौसेना के जहाजों को लगातार ईंधन, खाना और हथियार भेजे जा रहे हैं। कुछ तस्वीरें भी शेयर की गईं, जिनमें यूएसएस डेल्बर्ट डी ब्लैक जहाज पर सामान चढ़ाते दिखाया गया। यह जहाज स्र अब्राहम लिंकन ग्रुप के साथ काम कर रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के मुताबिक, अब तक इस जंग में अमेरिका को करीब 25 अरब डॉलर का खर्च आ चुका है।

# डोटासरा बोले- भरतपुर में हमारा गठजोड़ का विधायक भाग गया, हम यहां अनाथ हो गए


## हमने वोट दिलाए, लेकिन अब कोई पूछने वाला नहीं

भरतपुर।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा- भरतपुर विधानसभा सीट से हमारा गठजोड़ का एक ही विधायक था। वह भी भाग गया। मैंने कहा- गर्ग साहब वोट हमारे साथ लिए थे... क्यों भागे?

उन्होंने कहा- मेरी मजबूरी है। सुभाष गर्ग की मजबूरी हो सकती है, जनता की क्या मजबूरी है। वो बीजेपी वाली सवारी हो गए। हम यहां अनाथ हो गए। हमने वोट दिलाए और आज हमें कोई पूछने वाला नहीं है। हमारे पास एक ही सीट थी वह भी साझे की थी।

बयाना विधानसभा के पूर्व विधायक दिवंगत बृजेंद्र सिंह सूपा की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली पहुंचे थे।



### बोले- 6 महीने के अंदर उपचुनाव होने चाहिए

डोटासरा ने कहा- सीएम ने राजस्थान की जनता क्या अन्याय कर दिया। उन्होंने एक काम कर दिया। यहां का चुना हुआ जिला प्रमुख को ख्रु बना दिया और, ख्रु बनने के बाद जिला प्रमुख बनने ही नहीं दिया। जब मैं मुख्यमंत्री हूं तो, जिला प्रमुख क्यों चाहिए। क्या हमारा संविधान यह नहीं कहता है कि 6 महीने के अंदर उपचुनाव होकर जिला प्रमुख बनना चाहिए।

डोटासरा ने कहा- जिस मुख्यमंत्री की ऐसी सोच हो जो, संविधान को नहीं माने। जनता क्या चाहती है जनता का जनप्रतिनिधि होना चाहिए। वहां पर कुर्सी पर बैठना चाहिए। उस कुर्सी पर जिला कलेक्टर और सीओ को बैठकर काम करना पड़ रहा है। ईआरसीपी योजना बनाने के लिए किसानों और 36 कौम के लोगों को पानी की जरूरत है। उसके लिए जनता ने बीजेपी को वोट दिया था।

डोटासरा ने कहा- प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाएंगे। अगर राष्ट्रीय परियोजना बन जाती तो, 90 प्रतिशत पैसा भारत सरकार देती और 10 प्रतिशत पैसा राज्य सरकार देती। अगर ईआरसीपी परियोजना आगे बढ़ती है तो, 100 प्रतिशत पैसा राजस्थान के बजट से जाना होगा। जो तनख्वाह सरकारी कर्मचारियों की है। वह तनख्वाह भी सरकार नहीं दे पा रही है। यह ईआरसीपी के लिए भी एक पैसा नहीं दे पाएंगे।

# सुप्रीम-कोर्ट ने पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दी

## कहा- बिना बताए भारत न छोड़ें; कांग्रेस बोली- खेड़ा को डराने के लिए 60 पुलिसकर्मी भेजे गए

नई दिल्ली।



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी। मामला असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका में 50 हजार करोड़ की कंपनी होने के आरोप से जुड़ा है। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दिल्ली और गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ये आरोप लगाए थे। इसके बाद रिनिकी भुइयां सरमा ने पवन के खिलाफ गुवाहाटी में दर्ज कराई थी इसके बाद 7 अप्रैल को असम पुलिस ने खेड़ा के दिल्ली स्थित घर पर रेड की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा- आरोप-प्रत्यारोप राजनीति से प्रभावित लगते हैं। लेकिन पवन खेड़ा को असम पुलिस की जांच में सहयोग करना होगा और वे बिना अदालत की अनुमति के भारत नहीं छोड़ सकते। कोर्ट के फैसले के बाद जयराम रमेश और अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर कहा- 60 पुलिसवालों को खेड़ा के घर पर भेज दिया। भारी संख्या में पुलिस भेजने का कारण सिर्फ डराना और उत्पीड़न करना था।

### कांग्रेस बोली- ऐसी कई बातें हैं जो हम बोल नहीं सकते

कोर्ट की सुनवाई खत्म होने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश और अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री को तीन पन्नों में कोट किया है। ऐसी कई बातें हैं जो न न्यायालय कोट कर सकता है और न हम यहां बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में असम के मुख्यमंत्री को सोचना चाहिए कि क्या एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को ये शोभा देता है? हम चाहते हैं कि असम के मुख्यमंत्री इस बारे में गंभीरतापूर्वक विचार कर खेद व्यक्त करें।

# श्रमिक अधिकारों पर सीएम योगी का सख्त संदेश, 'काम का पूरा दाम देना होगा'

नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि काम के बदले दाम देना ही होगा, अन्यथा सरकार ऐसे लोगों का इलाज करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिक हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### श्रमिकों के सम्मान और योजनाओं का लोकार्पण

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने श्रमिक कल्याण से जुड़ी कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। विभिन्न जिलों से आए श्रमिकों को प्रमाणपत्र और टूलकिट प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रदेश के 75 जिलों से चयनित 75 श्रमिकों में से पांच को मंच पर विशेष रूप से टूलकिट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए तथा प्रयागराज और झांसी के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया।

### उत्तर प्रदेश बना 'उद्यम प्रदेश'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश आज 'उद्यम प्रदेश' के रूप में देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन रहा है। उन्होंने बताया कि 1947 से 2017 के बीच प्रदेश में लगभग 14 हजार उद्योग स्थापित हुए थे, जबकि 2017 के बाद से अब तक 18 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित किए गए हैं, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। सीएम योगी ने कोरोना काल का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उस कठिन समय में जब कई लोग निष्क्रिय थे, तब राज्य सरकार ने आगे बढ़कर प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं कीं। हजारों बसों के माध्यम से श्रमिकों को घर लाया गया और उनके लिए भोजन व आवास की निःशुल्क व्यवस्था की गई।

# स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरी' भारतीय नौसेना को सुपुर्द, आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता को मिली मजबूती

नई दिल्ली

प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरी' को 30 अप्रैल 2026 को मुंबई स्थित मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएसएल) में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। यह डिलीवरी देश की रक्षा उत्पादन क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

### प्रोजेक्ट 17ए: आधुनिक युद्धपोत निर्माण में बड़ी छलांग

'महेंद्रगिरी' प्रोजेक्ट 17ए का छठा और नीलगिरी श्रेणी का चौथा जहाज है। यह बहु-मिशन प्लेटफॉर्म समुद्री क्षेत्र की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह स्टील्थ तकनीक, मारक क्षमता, स्वचालन और उत्तरजीविता के मामले में आधुनिक युद्धपोत निर्माण में एक बड़ी छलांग का प्रतीक है।

### स्वदेशी डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक का संगम

इन फ्रिगेट्स को युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और इनका निर्माण उन्नत एकीकृत निर्माण सिद्धांतों के तहत किया गया है। इनमें आधुनिक हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए गए हैं, जो सतह, वायु और पनडुब्बी-रोधी युद्ध क्षमता से लैस हैं।



**उन्नत प्रणोदन और स्वचालित प्रणाली से लैस**-प्रोजेक्ट 17ए के जहाजों में संयुक्त डीजल या गैस (सीओडीओजी) प्रणोदन प्रणाली दी गई है, जिसमें डीजल इंजन और गैस टरबाइन का संयोजन होता है। इसके साथ ही नियंत्रणीय पिच प्रणोदक (सीपीपी) और अत्याधुनिक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) भी शामिल है, जो संचालन क्षमता को और बेहतर बनाती है।

**समयसीमा में डिलीवरी, आत्मनिर्भरता का मजबूत संकेत**-महेंद्रगिरी की डिलीवरी पहले पी17ए जहाज 'नीलगिरी' (20 दिसंबर 2024) के बाद 17 महीने से भी कम समय में की गई है। यह भारतीय नौसेना और रक्षा उद्योग की दक्षता और समन्वय को दर्शाता है।

**75% स्वदेशी भागीदारी, रोजगार सृजन को बढ़ावा**-इस परियोजना में लगभग 75% स्वदेशी भागीदारी है, जिसमें 200 से अधिक लघु और मध्यम उद्यम शामिल हैं। इससे प्रत्यक्ष रूप से करीब 4,000 और अप्रत्यक्ष रूप से 10,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान करती है।

# भगवान बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक : मोदी

नई दिल्ली

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और भगवान बुद्ध के शांति, करुणा तथा सद्भावना के संदेश को जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत आज बुद्ध के जीवन मूल्यों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनके आदर्शों को समाज में साकार करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर सभी नागरिकों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पावन अवसर शांति, करुणा और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। पीएम मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि वे भगवान बुद्ध के जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लें और उन्हें अपने दैनिक जीवन में उतारें।

### भगवान बुद्ध के आदर्शों पर मजबूत प्रतिबद्धता

एक अन्य संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की भगवान बुद्ध के आदर्शों को साकार करने के प्रति प्रतिबद्धता अत्यंत दृढ़ है। उन्होंने कामना की कि बुद्ध के विचार समाज में आनंद, शांति और एकजुटता की भावना को और गहरा करें।

### 'जानना, अमल करना और अनुभव करना'—बुद्ध का मार्ग

पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश में भगवान बुद्ध के मार्ग को तीन आधारों पर समझाया—थ्योरी, प्रैक्टिस और रियलाइजेशन, यानी जानना, उस पर अमल करना और फिर उसे अनुभव करना।



## विदेशी भाषा संचार कौशल योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** विदेशी भाषा संचार कौशल योजना के अंतर्गत एमओयू साइनिंग सेरेमनी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रसारण सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सीकर के वीसी सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर आशीष मोदी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, मुख्य आयोजना अधिकारी अंजलि सैनी, श्री कल्याण कन्या महाविद्यालय की प्रोफेसर सुशीला चौधरी सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर मोदी ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनके करियर काउंसलिंग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में करियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार करियर का चयन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने तकनीक के सकारात्मक एवं प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया। जिला कलेक्टर ने जनगणना 2027 के तहत प्रारंभ हो रही स्वगणना प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित छात्राओं के मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया का अभ्यास भी करवाया। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को जनगणना 2027 का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करते हुए प्रत्येक एंबेसडर को कम से कम 100 लोगों की स्व-गणना करवाने का लक्ष्य दिया। इस कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## आज 8 विधानसभा क्षेत्रों के 31 गांवों में जायेंगे प्रचार रथ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम रथ अभियान द्वारा जिले की 8 विधानसभाओं में एलईडी वैन द्वारा 31 गांवों में जाकर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

### शनिवार को इन गांवों में पहुंचेगा प्रचार रथ

जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि 2 मई को फतेहपुर की देवास, रोलसाहबसर, लक्ष्मणगढ़ की हमीरपुरा, सनवाली, खेडी दंतुजला, भूमा बड़ा, जाजोद, धोद की दुगोली, टांटनवा, सिहोट बड़ी, सेवद बड़ी, सीकर की रघुनाथगढ़, राणा वाली की ढाणी, संकराय, श्यामगढ़, राजपुरा, दांतारामगढ़ लिखमा का बास, गिला की ढाणी, लाडपुर, खण्डेला भादवाड़ी, दुल्हेपुरा, रलावता, जयरामपुरा, नीमकाथाना की मंढोली, मांकडी, मावण्डा खुर्द, मावण्डा आरएस, श्रीमाधोपुर की जोरावरनगर, कोटडी सिमारला, कल्याणपुरा थोई, रामपुरा थोई गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

## वैशाखी पूर्णिमा पर जलयात्रा का शुभारंभ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रीगोविंद देवजी मंदिर में वैशाखी पूर्णिमा पर शुक्रवार को जलयात्रा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलयात्रा झांकी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। ठाकुरजी और राधा रानी को सुगंधित जल से भीगते दृश्य को श्रद्धालुओं ने मोबाइल में कैद किया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्रीजी को चांदी की कमलाकार होदी में विराजमान किया गया। 10 फव्वारों एवं अतिरिक्त शीतल जल की व्यवस्था के बीच ठाकुरजी को पंद्रह मिनिट तक जलविहार कराया गया। सफेद धोती-दुपट्टा एवं पुष्पों के मुकुट-अलंकारों से सुसज्जित ठाकुर श्रीजी के साथ राधारानीजी की स्वर्ण पिचकारी से जल क्रीड़ा की झांकी ने भक्तों को आनंदित कर दिया। मंदिर परिसर केवड़ा और गुलाब जल मिश्रित शीतल जल से सुवासित हो उठा। जलयात्रा के बाद ठाकुरजी को ऋतु फल, पूड़ी-सिकरन सहित पारंपरिक व्यंजनों का रसाल भोग अर्पित किया गया।

### आचार्य श्रील रूप गोस्वामी ने की थी शुरुआत

जलयात्रा महोत्सव ज्येष्ठ मास की एकादशी, पूर्णिमा एवं अमावस्या सहित विभिन्न तिथियों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु जलयात्रा झांकी के दर्शन कर सकेंगे। तेज गर्मी को देखते हुए जलयात्रा झांकी का समय परिवर्तित किया गया है। झांकी सुबह 11:15 से 11:45 बजे तक होगी जबकि पूर्व में इसका समय दोपहर 12:30 से 12:45 बजे था। अन्य झांकियों के समय यथावत रहेंगे। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि गौड़ीय संप्रदाय की परंपरा के अनुसार आचार्य श्रील रूप गोस्वामी ने ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी में ठाकुर श्रीजी को शीतलता प्रदान करने के उद्देश्य से इस उत्सव की शुरुआत की थी।

## चार मोटरसाइकिलों व पार्ट्स के साथ युवक को दबोचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चौमूं थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद के शौक पूरे करने के लिए मोटरसाइकिलें चुराता था और उन्हें मॉडिफाई कर उपयोग में लेता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिलें, अलग-अलग वाहनों के पार्ट्स और नंबर प्लेटें बरामद की हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि चौमूं थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर युवराज सिंह 22 निवासी प्रेमनगर दौलतपुरा को गिरफ्तार है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसे मोटरसाइकिलों को मॉडिफाई कर चलाने का शौक है। इसी शौक को पूरा करने के लिए वह चौमूं, हरमाड़ा, मुरलीपुरा सहित अन्य थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चोरी करता था। आरोपी घर वालों को यह बताता था कि वह फाइनेंस कंपनी में रिकवरी का काम करता है, ताकि किसी को शक न हो। वह चोरी की गई मोटरसाइकिल के खराब होने पर उसे किसी सुनसान जगह छोड़ देता और दूसरी गाड़ी चोरी कर लेता था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से चोरी की चार मोटरसाइकिलें, विभिन्न वाहनों के पार्ट्स और नंबर प्लेटें बरामद की हैं। इस पूरी कार्रवाई को पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ताए सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं आलोक सैनी और के नेतृत्व में गठित टीम ने अंजाम दिया। थानाधिकारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि वाहन चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने हॉटस्पॉट और घटनास्थलों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी के आने-जाने के रूट को चिन्हित किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी युवराज सिंह को दस्तयाब कर सख्ती से पूछताछ की तो उसने करीब एक दर्जन मोटरसाइकिलें चोरी करने की वारदातें स्वीकार कीं।

# गौरांग महाप्रभु जन्मोत्सव
# सजाई आकर्षक फूल बंगला झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैतन्य महाप्रभु श्री गौरांग महाप्रभु का 540 वां जन्मोत्सव शहर में भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वैष्णव भक्तों के घरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान और बधाई गान के आयोजन हुए। इसी कड़ी में बनीपार्क स्थित शिव मार्ग में गौरांग महाप्रभु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

### फूल बंगला झांकी ने मोहा मन

आयोजक श्याम बाबू पारीक और बसंत पारीक ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्री राधा-गोविंद देव जी एवं गौरांग महाप्रभु की छवि को विशेष रूप से सुसज्जित किया गया। ठाकुर जी के लिए आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने वाले व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।

### महंत के सानिध्य में हुई पूजा-अर्चना

जन्मोत्सव का शुभारंभ श्री गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में ठाकुर जी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। बधाई गान के दौरान भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ सूखे मेवे, टॉफी, खिलौने और कपड़ों की जमकर वर्षा की। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय भजनों से गूंज उठा।

### सामूहिक महाआरती और प्रसादी

बधाई गान के पश्चात भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान की महाआरती की। ठाकुर जी को महाभोग अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं के लिए पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वैष्णव भक्तों ने भाग लिया। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगे गुब्बारों और बंदरवारों से भव्य रूप में सजाया गया था।



## एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** रेकिट एवं ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के संयुक्त तत्वावधान में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यापकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर जागरूक करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार को तारानगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शर्मा, आरपी रामनिवास धेतरवाल सभी अध्यापकों को विद्यालयों में स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की।



जयपुर से ममता संस्था के प्रतिनिधि रविंद्र कुमार अथवा यादवेन्द्र उपाध्याय ने जिले के 30 विद्यालयों के 30 अध्यापकों को स्वच्छता से जुड़ी अच्छी आदतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा उन्हें इन आदतों को विद्यालय के बच्चों के दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को स्वच्छता मॉड्यूल की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे विद्यालय स्तर पर बच्चों में व्यवहारगत सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम होंगे। साथ ही सभी अध्यापकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई ताकि वे स्वयं एवं विद्यार्थियों के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित कर सकें।

## वाटर कूलर भेंट करने पर भामाशाहों का किया सम्मान



**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, तारानगर (सेठ सूरजमल हीरालाल काशीराम जी कंदोई उच्च माध्यमिक भवन) में शुक्रवार को आयोजित वंदना सभा का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक एवं संस्कारमय रहा। इस अवसर पर भामाशाह परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत वंदना को देखकर अतिथिगण अत्यंत प्रभावित हुए और विद्यालय के संस्कारपूर्ण वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान सेवा एवं समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल भी देखने को मिली। ऋतु कंदोई एवं मोनू कंदोई की प्रेरणा से नवीन भवन हेतु रामनिवास कंदोई एवं उनकी धर्मपत्नी सुशीला कंदोई ने स्वर्गीय संतलाल की पुण्य स्मृति में एक वाटर कूलर भेंट किया। वहीं कुसुम काजड़िया ने भी अपनी माताजी स्वर्गीय तारामणि कंदोई की स्मृति में एक वाटर कूलर भेंट कर समाज सेवा की उत्कृष्ट भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष विकास चाचाण, प्रधानाचार्य दया कंवर एवं विद्यालय स्टाफउपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी भामाशाहों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण सहयोग बताया। यह कार्यक्रम न केवल सेवा और संस्कार का संदेश देता है बल्कि समाज एवं विद्यालय के सशक्त सहयोग का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।



## होम्योपैथिक एचपीवी जागरूकता कार्यशाला आयोजित

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर की स्टेशन रोड स्थित पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक होम्योपैथिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर से आए डॉ रामप्रकाश और उनकी टीम से होम्योपैथिक से होने वाले इलाज और फायदों की जानकारी देते हुए सभी उप स्वास्थ केंद्रों, पीएचसी, सीएचसी और उप जिला अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों को 15 दवाओं की किट दी और विभिन्न रोगों में उनके उपयोग की जानकारी दी। इस मौके पर कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने होम्योपैथिक को लेकर पूर्व कलेक्टर डॉ प्रदीप बोरड़ के नेतृत्व में प्रदेश में चलाई जा रही इस मुहिम की प्रशंसा करते हुए इसे जन जन पहुंचाने में स्वास्थ्यकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए इसमें विशेष रुचि लेने का आह्वान किया। उन्होंने एचपीवी टीकों की प्रगति रिपोर्ट पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि क्षेत्र में तय उम्र तक की एक भी बच्ची इस टीके से वंचित नहीं रहे। वहीं उन्होंने अन्य योजनाओं पर भी ब्लॉक में अच्छे कार्य के लिए बीसीएमओ डॉ संत कुमार जांगिड़ की सराहना भी की। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, बीडीके होम्योपैथिक प्रभारी डॉ रमेश यादव, चिड़ावा होम्योपैथिक प्रभारी डॉ इस्माइल ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक में बीडीओ अनीषा बिजारणियां, तहसीलदार रामकुमार पूनिया भी मौजूद रहे।



## पोषण पखवाड़ा आयोजित

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार बीदासर में परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर 8वें पोषण पखवाड़े का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ?कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और कार्यकर्ताओं को पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। महिला पर्यवेक्षक उषा टेलर और अनिला शर्मा ने पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आहार में मोटे अनाज को शामिल करना सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और उन्हें पौष्टिक आहार देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में न्यूट्री किट के उपयोग और उसके फायदों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर सीमा राठौड़, ललिता, सुनीता यति, राजू देवी, सुशीला देवी, सन्जू देवी, सविता, मैना, सन्तोष, कमला, सुनीता देवी तथा सहायिका जमना और पप्पी देवी आदि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर ?सभी कार्यकर्ताओं ने शपथ ली कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पोषण के प्रति जन-जागरूकता फैलाएंगी ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

## ऋषभ पारेख का सिद्धहेमव्याकरण रत्न विभूषण से सम्मानित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** संस्कृत व्याकरण विशेषज्ञ व शिक्षक ऋषभ पारेख का सिद्धहेमव्याकरण रत्न विभूषण से सम्मानित किया गया। शिवगंज सिरोही निवासी ऋषभ पारेख का यह सम्मान शंखेश्वर जैनतीर्थ गुजरात में जैनाचार्य सिद्धहस्त लेखक विजय पूर्णचन्द्र सूरीश्वर महाराज और रुतरक्षा प्रेरक विजय युगचन्द्र सूरीश्वर के सानिध्य में श्रुततीर्थ के ट्रस्टी गौतमभाई सांखला और शिवगंज जैन संघ अध्यक्ष प्रवीण ने सुवर्ण मुद्रिका स्मृति चिह्न व 1 लाख रुपए देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर राजस्थान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बधाई दी। श्री जीरावला पार्श्वनाथ तीर्थ के महामंत्री प्रकाशजी सीरोडीवाले, श्री नाकोडातीर्थ जैन ज्ञानशाला के प्राचार्य नरेन्द्रकोरडिया, ऐन्टी टेररीस्ट फ्रन्ट के चेयरमेन मनिंदरजीत सिंह बिट्टा, जयनारायण मीणा, सुविख्यात रमेशभाई ओझा, संस्कृत भारती-गुजरात, हेमचन्द्राचार्य संस्कृत पाठशाला गुरुकुलम् साबरमती के डायरेक्टर जितेन्द्र शाह, ललित नाहटा-नई दिल्ही ने स्वहस्ताक्षर सह हार्दिक शुभकामना अभिनंदन पत्र भेंट कर पारेख का सन्मान किया था।



इस दौरान जैनाचार्य युगचन्द्र सूरि महाराज, ज्ञानदाता मूलशंकर ने संबोधित किया। संचालन कुणाल भाई ने किया।

## बाल विवाह निषेध विधिक जागरूकता अभियान के तहत किया जागरूक



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** चूरू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के निर्देशानुसार शुक्रवार को गांव झाड़सर छोटा में बाल विवाह निषेध विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। पेरा लीगल वॉलिंटियर कृष्णा भाकर ने ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया की 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का बाल विवाह करना दंडनीय अपराध है। उन्होंने यह भी बताया कि केवल माता-पिता ही नहीं बल्कि विवाह में शामिल सभी लोग रिश्तेदार या सहयोग की कानूनी रूप से दोषी माने जाते हैं और उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है तथा बाल विवाह करने पर 2 साल की जेल या एक लाख रूपए तक का जुर्माना या दोनों सजाओं का प्रावधान है। कार्यक्रम में सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर गांव के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 का प्रथम चरण शुरू

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सीकर आशीष मोदी ने शुक्रवार को कलेक्टर आवास पर अपने मोबाइल के माध्यम से स्वयं जनगणना कर अपना विवरण दर्ज किया। इस दौरान जिला कलेक्टर मोदी ने स्व-गणना की वेबसाइट पर जाकर अपने आवास सहित कुल 34 प्रश्नों के उत्तर भरकर अपने आवास की ऑनलाइन मैपिंग के साथ जियो-टैगिंग दर्ज कर स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण की। उन्होंने आमजन को प्रेरित करते हुए कहा कि 1 मई से 15 मई तक स्व-गणना की जाएगी। इस अवधि में सीकर जिले के नागरिक अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में स्व-गणना कार्य का शुभारंभ 1 मई 2026 से किया गया है। इसके तहत नागरिक 1 मई से 15 मई 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार एवं मकान संबंधी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात 16 मई से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने बताया कि नागरिक घर बैठे अपनी सुविधा अनुसार परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। पोर्टल हिन्दी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण होने पर नागरिकों को पहचान संख्या मोबाइल अथवा ई-मेल पर प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि 16 मई से 14 जून तक प्रशिक्षित प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे।

इस दौरान स्व-गणना कर चुके नागरिकों को सत्यापन हेतु अपनी स्व-गणना पहचान संख्या उपलब्ध करानी होगी। जनगणना के दौरान प्राप्त सभी सूचनाएं पूर्णतः सुरक्षित एवं गोपनीय रखी जाएगी। जनगणना के प्रथम चरण में कुल 34 प्रश्नों के माध्यम से जानकारी एकत्रित की जाएगी, जिनमें मकान संख्या, निर्माण सामग्री, मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, पेयजल स्त्रोत, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, रसोईघर, ईंधन, इंटरनेट सुविधा, मोबाइल, वाहन, मुख्य अनाज तथा मोबाइल नंबर सहित विभिन्न विवरण शामिल हैं। जिला कलेक्टर मोदी ने बताया कि जनगणना-2027 में पहली बार डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। डेटा संकलन के लिए प्रगणकों द्वारा मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित होगी। जिला कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा अधिकाधिक संख्या में स्व-गणना कर जनगणना कार्य को सफल बनाएं। इस दौरान उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ अनिल शर्मा, सहायक निदेशक जनसंपर्क पूरणमल, जिला मास्टर ट्रेनर रमेश शर्माए सहायक जनसंपर्क अधिकारी राकेश कुमार ढाका सहित अन्य उपस्थित रहे।

# खाटू स्मार्ट सिटी के संबंध में बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को खाटू स्मार्ट सिटी के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बजट घोषणा में 16 स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के अंतर्गत खाटूश्यामजी को भी शामिल किया गया है। इस योजना के तहत जयपुर स्मार्ट सिटी क्लस्टर में खाटूश्यामजी क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास को गति मिलेगी। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बैठक में निर्देश दिए कि खाटूश्यामजी कस्बे में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाए, कचरा निस्तारण के लिए डंपिंग यार्ड पर ही सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट की समुचित व्यवस्था विकसित की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डंपिंग यार्ड कस्बे से पर्याप्त दूरी पर स्थापित हो ताकि स्थानीय निवासियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि शहर के समग्र विकास के लिए आधुनिक तकनीकों और व्यवस्थाओं को अपनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ट्रैफिक मैनेजमेंट को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम हो सके। पार्किंग की समुचित व्यवस्था, साइनज सिस्टम का विकास तथा शटल सर्विस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि भीड़-भाड़ को नियंत्रित किया जा सके। इसके अतिरिक्त ग्रीन एरिया के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। आपदा प्रबंधन डिजास्टर मैनेजमेंट प्रणाली को भी मजबूत किया जाएगा, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। आधुनिक अकाउंट मैनेजमेंट सिस्टम लागू कर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाई जाएगी। साथ ही खाटूश्यामजी कस्बे में अंडरग्राउंड वेस्ट कलेक्शन सिस्टम एवं अंडरग्राउंड फायर फाइटिंग सिस्टम विकसित किए जाएंगे, जिससे स्वच्छता एवं सुरक्षा के मानकों को उच्च स्तर तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रयासों का उद्देश्य खाटूश्यामजी को एक स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन इस दिशा में समन्वित प्रयास कर रहे हैं और आने वाले समय में खाटूश्यामजी क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिलेगा। इस दौरान बैठक में एडीएम शहर भावना शर्मा, एसडीएम दांतारामगढ़ मोनिका सामौर, एसई पीडब्ल्यूडी जेपी यादव, एसीईओ देवेन्द्र गुप्ता जयपुर स्मार्ट सीटी, आरएसआरडीसी प्रोजेक्ट मेनेजर महीपाल देवन्दा, प्रोफेसर नंदकुमार एमएनआईटी जयपुर, ईओ खाटूश्यामजी ओमप्रकाश यादव, एईएन प्रवीण कुमार, जितेन्द्र सिंह पीडीकोर जयपुर सहित बैठक से जुड़े संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## आज जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगा प्रचार रथ

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में आमजन को जागरूक करने के लिए संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत प्रचार-प्रसार का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दर्जनों गाँवों में प्रचार रथ पहुँचेगा, जहाँ ग्रामीणों को अभियान के उद्देश्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र के दोरासर, कुलोद कलां व उदावास में, सूरजगढ़ क्षेत्र के कुलोठ खुर्द, भूडनपुरा, कासनी, पिलोद व भावठड़ी में, मंडावा विधानसभा क्षेत्र के हेतमसर, नुंआ, भोजासर व बहादुरवास में, उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के मैनपुरा, गढ़ला कला, ककराना व दीपपुरा में, खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के बाडलवास, मेहाड़ा जाटूवास, त्योंदा व गोविन्ददासपुरा में, पिलानी क्षेत्र के अरड़ावता, उधमपुरा व स्वामी सेही सहित नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बुगाला, सौंथली व कारी गाँवों में ग्राम रथ अभियान के माध्यम से सघन प्रचार किया जाएगा।

## मजदूरों को दी विधिक जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** खुशनामा सत्याग्रह के तहत विश्व मजदूर दिवस मनाया गया। पीएलवी विजयपाल श्योराण के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सुजानगढ़ में हर महीने मजदूरों के कल्याण का कैम्प लगाया जाए। पीएलवी विजय पाल श्योराण द्वारा विधिक जागरुकता का अभियान भी चलाया गया और मजदूरों को उनके हक अधिकार और विधिक सहायता सम्बंधी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई।

## म्यूल हंटर अभियान के तहत आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ कार्यवाही की है। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु संदिग्ध बैंक खातों एवं हॉटस्पॉट पर प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान म्यूल हंटर चलाया जा रहा है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार, उप अधीक्षक दरजाराम बोस, थानाधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें गठित कर साईबर के संदिग्ध खाताधारको की जांच की गयी। जिस पर दीपक भार्गव निवासी वार्ड नम्बर 15 हनुमान धोरा, शनि मंदिर के पास सुजानगढ़, बंदु मोहम्मद निवासी पावर हाउस के पास, वार्ड नं 8 सुजानगढ़, अकरम भाटी निवासी इन्द्रा कॉलोनी वार्ड नं 7 बिजली पावर हाउस के पास सुजानगढ़ द्वारा अपने खाता को फ्रॉड में उपयोग में लेना पाया गया। इस पर कोतवाली थाने में तीनों के खाताधारको के खिलाफ साईबर फ्रॉड/धोखाधड़ी के तहत प्रकरण दर्ज किये गए, जिनका अनुसंधान किया जा रहा है। कार्यवाही में शामिल टीम में सब इंस्पेक्टर पप्पूराम, एएसआई जगदीश कुमार, एएसआई तेजाराम, कांस्टेबल बिड़दाराम, विक्रम के नाम शामिल हैं।

# देश-विदेश में आस्था, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम देखने को मिला

## गृह-गृह यज्ञ अभियान में 24 लाख स्थानों पर एक साथ आहुतियां की गई अर्पित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बुद्ध पूर्णिमा पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से चलाए गए गृहे-गृहे यज्ञ अभियान के तहत जयपुर सहित देश-विदेश में आस्था, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम देखने को मिला। ऑनलाइन माध्यम से देशभर में 24 लाख स्थानों पर एक साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं गई। वहीं जयपुर शहर में 11 हजार घरों में एक ही समय पर सामूहिक हवन संपन्न हुआ। चीन, दुबई, मेलबॉर्न, सिडनी, शिकागो, इंडियाना, टेक्सास, पिसकोट और फिलीपींस सहित कई स्थानों से श्रद्धालु जुड़े। देशभर में राजस्थान के साथ गुजरात, झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, देहरादून, बेंगलुरु, दिल्ली, गुरुग्राम, उरई, शहडोल, मिर्जापुर, जबलपुर और इंदौर सहित अनेक शहरों से भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। जयपुर में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, कालवाड़ शक्तिपीठ, वेदना निवारण केन्द्र मानसरोवर सहित शहर के एक दर्जन से अधिक प्रज्ञा संस्थानों और चेतना केन्द्रों पर सामूहिक हवन हुए। प्रत्येक केन्द्र पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। गायत्री परिवार जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील शर्मा ने गायत्री चेतना केन्द्र दुर्गापुरा से यज्ञ का संचालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्र निर्माण और वैश्विक सुख-शांति के लिए देव पूजन के बाद यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित करवाई है। बजाजनगर में इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के कार्यालय में गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के मनु महाराज के सान्निध्य में हवन कराया गया। बोर्ड के सदस्य डॉ हेमंत सेठिया ने मुख्य यजमान के रूप में विश्व कल्याण की कामना के साथ देव पूजन के बाद आहुतियां प्रदान की। यज्ञ के बाद कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया और परिंडे लगाए गए। इस मौके पर अमृत वाणी का पाठ भी हुआ। गायत्री महिला मंडल झोटवाड़ा की कामिनी शर्मा, योगिता शर्मा, मंजू खंडेलवाल ने शास्त्रीनगर और वर्षा गुप्ता ने मानसरोवर के एक निजी विद्यालय में हवन करवाया। गायत्री परिवार के अन्य आचार्यों ने भी कई मंदिरों, विद्यालयों, कॉलोनियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में यज्ञ करवाया।



### हवन सामग्री की सुगंध से महका वातावरण

प्रति घर 250 ग्राम हवन सामग्री, 200 ग्राम घी और 10 ग्राम कपूर उपलब्ध कराया गया। इस प्रकार कुल 2500 किलो हवन सामग्री, 2200 किलो घी और 110 किलो कपूर का उपयोग हुआ। यज्ञ धूम्र का प्रभाव साफदिखाई दिया। सुबह वातावरण में हवन सामग्री की सुवास अनुभव हुई। हजारों लोगों ने ऑनलाइन के बजाय पहले दिए गए पत्रक के आधार पर ऑफलाइन हवन किया।

### सेवा कार्यों में खर्च कर सकेंगे दक्षिणा राशि

लोगों ने यूट्यूब, सोशल मीडिया और मोबाइल एप के जरिए घर बैठे यज्ञ किया। यज्ञ के बाद देव दक्षिणा राशि का उपयोग पौधारोपण, परिंडे लगाने, जरूरतमंदों को भोजन कराने और बच्चों को पुस्तकों देने जैसे सेवा कार्यों में करने का आह्वान किया गया।

### प्रसाद में दिया साहित्य

यज्ञ के बाद कई स्थानों पर तरु प्रसाद के रूप में पौधों तथा ज्ञान प्रसाद के रूप में पुस्तकों वितरण किया गया। लोगों को रक्तदान और अंगदान का संकल्प कराया गया। महात्मा बुद्ध के जीवन से जुड़ी पुस्तिकाएं श्रद्धालुओं को नि:शुल्क प्रदान की गईं।

# किसान संगोष्ठी आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों के उपयोग एवं आयवर्धन के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि जिले की कृषि प्रगति को गति देने के उद्देश्य से किसानों के साथ किसान संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें प्रगतिशील कृषकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। संगोष्ठी के माध्यम से ऐसे कृषकों के अनुभव साझा किए गए, जो आधुनिक तकनीकों के आधार पर खेती कर रहे हैं और उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने नवीन तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्कृष्ट कार्य किया है उन्हें पद्म पुरस्कार जैसे राष्ट्रीय सम्मानों से भी नवाजा गया है, जो अन्य कृषकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ जैविक खेती को अपनाकर कृषि क्षेत्र में अधिक उत्पादन एवं बेहतर गुणवत्ता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक पद्धतियों, नवाचारों एवं जैविक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में अधिक से अधिक वृद्धि करें तथा खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करें।

संगोष्ठी में वर्ष 2025-26 में आत्मा योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर पुरस्कृत किए गए कृषकों के साथ संवाद स्थापित किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील कृषक सुण्डाराम कुमावत दांता एवं मशरूम किंग के नाम से विख्यात मोटाराम शर्मा नानी ने भी सहभागिता निभाई। उन्होंने कृषकों को उन्नत कृषि पद्धतियों, मशरूम उत्पादन, जैविक खेती तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान कृषकों द्वारा अपने-अपने खेतों पर अपनाई जा रही नवीन तकनीकों एवं सफल प्रयोगों को साझा किया गया। इसमें कृषि, उद्यानिकी, जैविक खेती, पशुपालन एवं नवाचार आधारित गतिविधियों से आय बढ़ाने के प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई। संगोष्ठी के माध्यम से कृषकों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने एवं परंपरागत खेती में नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विभाग की ओर से उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा प्रिया झाझड़िया, उप परियोजना निदेशक आत्मा माया लाम्बा, सहायक निदेशक कृषि मोहन बाबेरवाल, संयुक्त निदेशक पशुपालन सीकर राजेन्द्र कृष्ण काला तथा सहायक निदेशक उद्यान सहित अन्य अधिकारियों ने भी भाग लेकर विभागीय योजनाओं एवं तकनीकी मार्गदर्शन की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में जिला कलेक्टर ने प्रगतिशील कृषकों दुर्गाराम, राजेन्द्र प्रसाद, गीगाराम, रामचन्द्र, रामू यादव, हरिशंकर प्रसाद, रामगोपाल एवं मदन लाल को कृषि क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं नवाचारों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## करियर ग्रोथ ऑफिशल स्थापित करने के लिए हुए एमओयू पर हस्ताक्षर

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** रूरल एंट्रेप्रेन्येउर्शिप की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यक्रम में विद्यसी एजुकेशन ने राष्ट्रीय उद्यमी सशक्तीकरण अभियान कृ नीड नेशनल एंट्रेप्रेन्योर्स एम्पावरमेंट ड्राइव और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी नॅशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरशन के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, तथा शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार, जयंत चौधरी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार, धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री, राजस्थान, भजन लाल शर्मा, उप-मुख्यमंत्री, राजस्थान, प्रेमचंद्र बैरवा की उपस्थिति में किया। इस मिशन का नेतृत्व विद्यसी एजुकेशन के संस्थापक और सीईओ, करुण कंदोई ने किया। करुण कंदोई ने इस अवसर पर कहा कि जब भी मैं उत्तर प्रदेश, राजस्थान या बिहार के गाँव में जाता हूँए तो मुझे एक प्रतिभाशाली युवा मिलता है जो नहीं जानता कि आगे क्या करे। इसलिए नहीं कि उसके पास अवसर नहीं है, अवसर है, कॉलेज की सीटें है, नौकरियाँ हैं, सरकारी योजनाएँ हैं, जो नहीं है वह है कोई ऐसा इंसान जो उन्हें इन अवसरों से जोड़ सके। करियर विकास अधिकारी वही इंसान है। हम इस एमओयू के साथ राजस्थान की 2 लाख पंचायतों में करियर ग्रोथ ओफिशल स्थापित करने जा रहे हैं। हम कोई ऐप नहीं बना रहे, हम भारत का सबसे बड़ा करियर मार्गदर्शन नेटवर्क बना रहे हैं, एक पंचायतए एक कदम। सह-संस्थापक और सीएसआरओ, विद्यसी, समीर ने कहा हमें नीड के प्रमुख उद्योग भागीदार के रूप में एनएसडीसी के साथ खड़े होने पर गर्व और सम्मान है। एनएसडीसी के नेतृत्व का और स्टार्टअप स्टेयर्स की प्रबंध निदेशक प्रीत संधू का हम विशेष आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी दूरदृष्टि ने इस गठबंधन को संभव बनाया।

आज हम जो शुरुआत कर रहे हैं, वह केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह भारत के गाँवों से एक वादा है कि उद्यम, अवसर और संस्थागत समर्थन अब उनके द्वार तक पहुँचेगा।

## वरिष्ठ पत्रकार ललित सारस्वत को पुत्र शौक ड्यूटी के दौरान इकलौते पुत्र का निधन


निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार ललित कुमार सारस्वत के इकलौते पुत्र का गुरुवार को अचानक हदय गति रूकने से निधन हो गया। जानकारी के अनुसार मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 31 वर्षीय मनोज सारस्वत की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों ने मनोज को राजकीय टांटिया सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं इस दु:खद सूचना की खबर जैसे ही परिजनों को लगी तो परिजनों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा। मनोज के माता-पिता, पत्नी और अन्य परिवारजनों व रिश्तेदारों का रौ-रौकर बूरा हाल हो गया तथा कस्बे में शौक की लहर छा गई। वहीं मृतक मनोज सारस्वत की अंतिम यात्रा गुरुवार को होली धोरा, पत्रकार कॉलोनी स्थित उनके निज आवास से बस स्टैंड स्थित मुक्ति धाम पहुंची जहां उसके नन्हे पुत्र ने मुखाग्नि दी। जिसके बाद शव का दाह संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में कस्बे के सैकड़ों लोग शामिल हुए। गौरतलब है कि मृतक मनोज पिछले काफी वर्षों से सीबीईओ कार्यालय में संविदाकर्मी के रूप में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर सेवाएं दे रहा था।

## कराटे में प्रिंस एकेडमी ने 5 स्वर्ण सहित 15 मेडल जीते

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 मेडल जीते हैं। विद्यार्थियों द्वारा हासिल पदकों में 5 स्वर्ण, 3 रजत एवं 7 कांस्य पदक शामिल हैं। सब-जूनियर 7 वर्ष 25 किग्रा भार वर्ग में प्रियांशु कंवर व 28 किग्रा भार वर्ग में वंश, अंडर 8 वर्ष 45 किग्रा भार वर्ग में विहान, 11 वर्ष 35 किग्रा भार वर्ग में विनय प्रताप एवं 13 वर्ष 30 किग्रा भार वर्ग में आयुष ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसी प्रकार अंडर 9 वर्ष 26 किग्रा भार वर्ग में देव, 10 वर्ष छात्र वर्ग में दक्ष राठौड़ एवं 11 वर्ष 35 किग्रा भार वर्ग में गौतम ने रजत पदक प्राप्त किया है। कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों में अर्चित, रोहन, वंश, हिमांशु, पार्थ शर्मा, ईशांत एवं देवांश शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान एवं खेल प्रभारी गिरीश चौहान ने पदक विजेता विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

# करियर मार्गदर्शन कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

निसं

तारानगर (नवयत्न)। एमजेडी महाविद्यालय तारानगर में शुक्रवार को करियर मार्गदर्शन विषय पर एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वनस्पतिशास्त्र विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नवाचार कौशल विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सही दिशा प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में पूनम राठौर जो एमपीपीएससी एवं आरपीएससी में बॉटनी विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं तथा योगेश बिश्नोई प्रख्यात लाइफ साइंस विशेषज्ञए उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सटीक रणनीति, समय प्रबंधन, निरंतर अभ्यास एवं आत्मविश्वास के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. योगिता ने बताया कि कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणास्पद रही तथा इसका सफल संचालन सभी के सहयोग से संभव हो पाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य सत्यवती बुडानिया ने संसाधन व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति सजग एवं समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. अन्नू महला तथा प्रो. छगन दान सहित महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ संपन्न हुआ।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मानिनगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190